## वेटलिफ्टर ने दूसरे प्रयास में बेहतर प्रदर्शन करते 107 किग्रा वजन उठाया




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026




राजनांदगांव जिले की ज्ञानेश्वरी ने भारत को दिलाया पांचवां पदक

# छग की बेटी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में रचा इतिहास, जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 की महिलाओं की 53 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की प्रतिभाशाली खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विश्व स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ज्ञानेश्वरी यादव ▶▶|शेष पेज 6 पर




### ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा वर्ग में खुद को ढाला

छत्तीसगढ़ की रहने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने कम उम्र में ही वेटलिफ्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। ज्ञानेश्वरी सबसे पहले घरेलू चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले प्रदर्शनों के माध्यम से राष्ट्रीय सुर्खियों में आईं, जिसके बाद उन्हें भारतीय टीम में नियमित रूप से खेलने का ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ज्ञानेश्वरी ने दी कड़ी टक्कर

ज्ञानेश्वरी यादव ने क्लीन एंड जर्क में 103 किग्रा का लिफ्ट सफलतापूर्वक किया। मगर नाइजीरिया की दिदीह ने 105 किग्रा वजन उठा लिया। भारतीय वेटलिफ्टर ने दूसरे प्रयास में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 107 किग्रा वजन उठा लिया। मगर नाजीरियाई वेटलिफ्टर ने 110 किग्रा का लिफ्ट कर लिया। तीसरे व अंतिम प्रयास में यादव ने 111 किग्रा का लिफ्ट किया, लेकिन उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। ज्ञानेश्वरी यादव के मेडल के दम पर भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की अंक तालिका में अपने स्थान में सुधार भी किया है।

## दोनों सदनों में दिनभर होता रहा हंगामा, शाम को बनी आम सहमति

संसद में पेश हुआ बिल, चर्चा के बाद वोटिंग होने की संभावना

# संसद में गतिरोध टूटा, एंटी पेपर लीक बिल पर आज होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**नीट पेपर लीक मुद्दे पर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच सरकार ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़े प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। सोमवार को विधेयक पर चर्चा नहीं हो पाई, वहीं शाम तक लोकसभा अध्यक्ष की पहल पर सहमति बनी। अब मंगलवार को संसद में नए विधेयक पर चर्चा के बाद वोटिंग होगी।**

नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे को लेकर लोकसभा में जारी गतिरोध दूर करने पर सहमति बन गई है। मंगलवार से सदन में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हो सकती है। सूत्रों ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर सभी प्रमुख राजनीतिक दल मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर चर्चा के लिए सहमत हो गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नए बिल के ऐसे प्रावधान




### सभी राज्यों को मिलेगा अधिकार

केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नए विधेयक के तहत देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह अधिकार दिया जा रहा है कि वे किसी भी सेशन कोर्ट को पेपर लीक मामलों के लिए स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट के रूप में नामित कर सकें। इन विशेष अदालतों में मामलों की सुनवाई सामान्य कोर्ट की तरह टलने के बजाय रोजाना के आधार पर होगी। चार्जशीट दाखिल होने के तीन महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने का कड़ा नियम तय किया गया है।

### विपक्ष और सरकार के बीच विवाद क्यों हुआ?

यह विधेयक ऐसे समय लाया गया है, जब नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर देशभर में छात्र प्रदर्शन हुए। विपक्ष ने संसद में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। विपक्ष का कहना था कि जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर सरकार पहले अपना पक्ष रखे। इसी मांग को लेकर विपक्ष ने लगातार हंगामा किया, जिसके कारण विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने के बाद अब तक केवल दो विधेयक ही पेश हो पाए हैं।

### रिजिजू ने विपक्ष से क्या अपील की?

संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने विपक्ष से विधेयक पर चर्चा होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कई विपक्षी सांसद भी संशोधन प्रस्ताव लेकर आए हैं और चर्चा के लिए तैयार हैं। उनके अनुसार, यह विधेयक छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। रिजिजू ने कहा कि यदि विपक्ष चाहे तो चर्चा के लिए छह घंटे से भी अधिक समय दिया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दल जानबूझकर इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं, जबकि सभी दलों को छात्रों के हित में इस पर विचार करना चाहिए।

कार्गो क्षेत्र में धुंआ, यात्री सुरक्षित

# दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶| राजकोट

दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की उड़ान को सोमवार को कार्गो क्षेत्र में धुंआ देखे जाने के बाद गुजरात के राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। हवाई अड्डे के पदाधिकारियों ने बताया कि विमान में 194 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। हवाई अड्डा प्रबंधन ने एक बयान में कहा गया, दुबई से मुंबई आ रही उड़ान आईजीओ-1452 का रास्ता राजकोट की ओर मोड़ना पड़ा क्योंकि विमान के सामान रखने वाले हिस्से में धुआं देखा गया था।

### पायलट को धुएं का शक

हवाई अड्डा पुलिस थाने के निरीक्षक केपी तारेटिया ने बताया कि पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) को संदिग्ध धुएं के बारे में जानकारी दी और गुजरात के राजकोट में आपात स्थिति में उतरने की अनुमति मांगी। पायलट को विमान के अंदर धुएं का शक हुआ और एहतियात के तौर पर उन्होंने राजकोट हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरने की अनुमति मांगी।

# महिला आयोग में टसल, अध्यक्ष ने कहा-कुछ पुराने मामलों की होगी जांच

पूर्व अध्यक्ष पर कई मामलों को रफा-दफा करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की वर्तमान अध्यक्ष ममता साहू ने पूर्व अध्यक्ष किरणमयी नायक के कार्यकाल के कई मामलों पर सवाल उठाते हुए इन मामलों की जांच के लिए कमेटी बनाने की बात कही है। इस मामले को लेकर किरणमयी नायक का कहना है कि महिला आयोग की अध्यक्ष को जांच कमेटी बनाने का कोई अधिकार नहीं है। अगर आयोग के किसी भी फैसले को लेकर किसी भी तरह से परेशानी है, तो इसको सिर्फ और सिर्फ हाईकार्ट में ▶▶|शेष पेज 6 पर





### अधिकार ही नहीं : किरणमयी

अध्यक्ष ममता साहू द्वारा जांच कमेटी बनाने को लेकर दिए गए बयान को लेकर किरणमयी नायक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, महिला आयोग की अध्यक्ष को आयोग के किसी भी फैसला को लेकर जांच कमेटी बनाने का कोई अधिकार नहीं है। पहले उनको कानून के बारे में जान लेना चाहिए। उनको लगता है कि किसी मामले में कोई भी गड़बड़ी हुई है तो उसके लिए उसको होईकोर्ट में चुनौती देनी पड़ेगी। उस मामले की पूरी जानकारी हाईकोर्ट के सामने रखनी पड़ती है। उन्होंने कहा, आयोग के अध्यक्ष का कोई भी आदेश सिविल कोर्ट की प्रक्रिया से होता है। ऐसे में इसको हाईकोर्ट में ही चुनौती दी जा सकती है। राजनीतिक रूप से कुछ भी बोलने से कुछ नहीं होता है।

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# सीजी कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती परीक्षा नियमों में संशोधन, चार पदों की पात्रता-परीक्षा व्यवस्था बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती परीक्षाओं से जुड़े नियमों में संशोधन करते हुए विभिन्न पदों की शैक्षणिक योग्यता और परीक्षा पद्धति में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। संशोधन के तहत उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) पद को पहली ▶▶|शेष पेज 6 पर




### उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) पद जोड़ा गया

संशोधन के अनुसार समूह-1 (तृतीय श्रेणी अभियांत्रिकी सेवा) में उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) का नया पद जोड़ा गया है। इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा अथवा बीई,बीटेक डिग्री अनिवार्य होगी। चयन के लिए भाग-'अ' (कॉमन) और भाग-'ब' (संकायवार) परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का वर्ग बदला

सरकार ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद को समूह-2 (स्नातक स्तर) से हटाकर समूह-5 (विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवाएं) में शामिल कर दिया है। इस पद के लिए अब जीव विज्ञान विषय के साथ 10+2 उत्तीर्ण होना तथा विभागीय भर्ती नियमों में निर्धारित अन्य अर्हताएं पूरी करना आवश्यक होगा। इस पद के लिए भी कॉमन और विषय-विशिष्ट परीक्षा आयोजित होगी।



### जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# मुख्यमंत्री ने कहा- शासकीय योजनाओं की सफलता तभी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, गांवों के समग्र विकास, अधोसंरचना को मजबूत करने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने यदि ग्राम पंचायतें सशक्त हों, गांव आत्मनिर्भर बनें और प्रत्येक ग्रामीण विकास की प्रक्रिया का सहभागी बने, तभी विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प वास्तविक रूप ले सकेगा। ग्राम पंचायतों को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नवा रायपुर स्थित एसआईआरडी परिसर, निमोरा में आयोजित प्रदेश के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा, सुशासन का वास्तविक अर्थ यही है कि शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्राम पंचायतें जनभागीदारी के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव बनाने का सबसे प्रभावी मंच हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा, शासकीय योजनाओं की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और गांव का प्रत्येक नागरिक स्वयं विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बने। उन्होंने कहा,1 जुलाई से लागू विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाली महत्वपूर्ण पहल है।



### अब लक्ष्य करोड़पति दीदी

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। छत्तीसगढ़ में अब तक 10 लाख 40 हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अब सरकार उन्हें उद्यमिता, कौशल विकास और स्वरोजगार से जोड़कर बड़ी संख्या में करोड़पति दीदी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्व-सहायता समूहों, कौशल विकास, आजीविका गतिविधियों और नई औद्योगिक नीति से उत्पन्न अवसरों से जोड़ा जाए।

### हिवड़े बाजार मॉडल ने दिखायी जनभागीदारी की ताकत

कार्यशाला में पद्मश्री पोपटराव पवार ने हिवड़े बाजार की परिवर्तन की यात्रा साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1989 में गांव जल संकट, पलायन, बेरोजगारी और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा था। जनसहभागिता, अनुशासन, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से गांव का व्यापक विकास किया गया। आज गांव में पलायन समाप्त हो चुका है, बीपीएल परिवार नहीं हैं, प्रतिदिन लगभग पांच हजार लीटर दूध का संग्रहण होता है तथा प्रति व्यक्ति आय लगभग नौ लाख रुपये तक पहुंच चुकी है।

### जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा, ग्रामीण विकास केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए। जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, कृषि उत्पादकता, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग ही स्थायी विकास का आधार है। उन्होंने प्रत्येक जिले में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करने तथा वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्धन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### बस्तर के अंतिम गांव तक पहुंचे विकास

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बस्तर संभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में विकास कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाएं। उन्होंने कहा, जिन गांवों तक कभी पहुंचना कठिन था, वहां अब सड़क, बिजली, आवास, राशन, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं तेजी से पहुंच रही हैं। सरकार का लक्ष्य विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

### योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित सभी योजनाओं के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए तथा पंचायत स्तर पर प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## आएंगी 100 इलेक्ट्रिक बसें, चार एकड़ में बन रहा स्टैंड हाईपावर चार्जिंग पाइंट के लिए सब स्टेशन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर में पीएम ई बस सेवा योजना के तहत केंद्र से 100 ई बसें आने में अभी थोड़ा वक्त है, लेकिन उसके आने से पूर्व नगर निगम जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड स्थित जरवाय में चार एकड़ जमीन पर ई बसों के संचालन और रखरखाव के लिए नया बस डिपो बनाने का काम इन दिनों तेजी से चल रहा है। 11 करोड़ 18 लाख रुपए में इस कार्य को करने बिलासपुर की श्रद्धा कंस्ट्रक्शन कंपनी को अनुबंधित किया गया है। एजेंसी स्थल पर जमीन का समतलीकरण कराने के बाद चारों तरफ से बाउंड्रीवॉल का निर्माण करा रही है। साथ ही एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग का काम चल रहा है। इसके अलावा डिपो के लिए मुख्य शेड, वर्कशाप और बस पार्किंग एरिया विकसित हो रहा है।

- डिपो के लिए मुख्य शेड, पानी टंकी बनकर तैयार, पार्किंग एरिया का चल रहा काम

सूत्रों के मुताबिक 40 फीसदी निर्माण कार्य अनुबंधित एजेंसी ने अब तक पूरा कर लिया है। ई बस डिपो बनाने के लिए एक साल की समय सीमा तय है। वहीं दूसरी ओर नवा रायपुर अटल विकास प्राधिकरण की ई बस योजना काफी आगे बढ़ गई है, यहां बसों के लिए रूट निर्धारण और डिपो की तैयारी का काम पूरा किया जा चुका हे। केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत रायपुर शहर के लिए प्रदूषण मुक्त और वातानुकूलित 100 ई बसें केंद्र से जल्द मिलेगी। रायपुर नगर निगम और संबंधित निर्माण एजेंसी की कोशिश है कि ई बस की आपूर्ति शुरू होने से पहले ही जरवाय में नए बस डिपो का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया जाए।

आम जनता को किफायती और सुगम परिवहन की सुविधा दिलाने रायपुर अरबन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सोसायटी रायपुर नगर निगम इस परियोजना की मुख्य नोडल संस्था है। यह निर्माण केंद्र सरकार की ई-बस योजना के तहत किया जा रहा है। जिसमें आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की गाइड लाइन को ध्यान में रखकर कार्य किया जाना है।

### डिपो परिसर में हाई पावर चार्जिंग स्टेशन के लिए सब स्टेशन

जरवाय में बन रहे ई बस डिपो में सब चार्जिंग इंफ्रांस्ट्रक्चर के तहत बसों की हाईपावर चार्जिंग के लिए एक नया विद्युत सब स्टेशन ओर चार्जिंग पाइंट स्थापित करने का काम किया जाएगा। चार्जिंग पाइंट बनने से इस डिपो में एक साथ कई ई बसों की चार्जिंग, आटोमैटिक वाशिंग प्लांट, मेंटनेंस वे और ड्राइवरों और स्टॉफ के लिए प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं भी रहेगी। विदित हो कि रायपुर नगर निगम वर्ष 2024 से शहर में 100 ई बसें चलाने की योजना पर काम कर रहा है, लेकिन डिपो निर्माण सहित अन्य जरूरी तैयारियां पूरी नहीं हो सकी है।

# खानसामा ने नकदी 51.50 लाख रुपए सहित 70 लाख के जेवर पर किया हाथ साफ, साथी भी गिरफ्तार

- रसोइया और उसके साथी को पुलिस ने नागपुर रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार
- कारोबारी परिवार सहित नया रायपुर आया था, इस दौरान घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कारोबारी के मकान से कैश 51.50 लाख रुपए सहित 70 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाला रसोइया तथा उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने घटना के छह घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। रसोइया तथा उसके साथी को पुलिस ने भागते हुए नागपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।

चोरी का खुलासा करते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की डीसीपी स्मृतिक राजनाला तथा डीसीपी नार्थ दीपमाला कश्यप ने बताया कि कारोबारी पंकज अग्रवाल की शिकायत पर रसोइया महेंद्र यादव तथा उसके साथी पिंटू उर्फ अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है। कारोबारी पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा स्थित अशोका आईकान में रहता है। रसोइया मूल रूप से बिहार, बांका का रहने वाला है। महेंद्र को कारोबारी ने इसी महीने 14 जुलाई को अपने यहां रसोइया का काम करने रखा था।



### सूनेपन का फायदा उठाकर किया हाथ साफ

कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि वह रविवार को परिवार सहित किसी काम के सिलसिले में नवा रायपुर गया था। शाम सात बजे के करीब लौटा, तो देखा घर का मेन गेट बाहर से बंद था। अंदर की लाइटें बंद थीं। इसके बाद वह पीछे के रास्ते से अपने घर के अंदर दाखिल हुआ। घर के अंदर बेडरूम तथा आलमारी के दरवाजे खुले थे। जांच करने पर आलमारी तथा लॉकर से नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर गायब मिले।

### सीसीटीवी कैमरा से मिला सुराग

घटना के बाद पुलिस ने कालोनी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज एकत्र किए। फूटेज में महेंद्र एक बैग लेकर घर से निकलता दिखाई दिया। उसके साथ एक अन्य संदिग्ध युवक भी मौजूद था। दोनों की गतिविधियों का क्रमवार विश्लेषण किया गया, तो पता चला कि वे अलग-अलग रास्तों से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेलवे स्टेशन के कैमरों में दोनों समता एक्सप्रेस में सवार होकर नागपुर की ओर जाते दिखाई दिए।

### दोनों बाइक पार्क कर रेलवे स्टेशन पहुंचे

घटना के बाद महेंद्र बैग लेकर बाइक से जयस्तंभ पहुंचा, वहां उसने पार्किंग में बाइक पार्क की। इसके बाद अपने साथी के साथ ऑटो में सवार होकर रेलवे स्टेशन पहुंच कर दोनों समता एक्सप्रेस से नागपुर पहुंचे। दोनों के समता एक्सप्रेस में सवार होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरपीएफ की मदद से महेंद्र तथा उसके साथी को रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया।

# संजीत एमडी लघु वनोपज, अमरनाथ बने वन विभाग के सचिव

**रायपुर।** राज्य शासन ने भारतीय वन सेवा के 7 अफसरों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। एपीसीसीएफ संजीता गुप्ता को राज्य लघु वनोपज संघ का एमडी और अमरनाथ प्रसाद को वन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

वरिष्ठ अफसरों की नई पदस्थापना के पीछे कारण यह है कि लघु वनोपज के एमडी अनिल साहू सहित चार अफसर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जारी आदेश में सात वरिष्ठ आईएफएस अधिकारियों में संजीता गुप्ता को राज्य लघु वनोपज संघ का प्रभारी प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है। एस. वेंकटाचलम मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एवं क्षेत्र संचालक गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व अंबिकापुर को प्रतिनियुक्ति पर कार्यकारी संचालक, छग राज्य लघु वनोपज संघ अटलनगर, नवा रायपुर, अभिषेक कुमार सिंह क्षेत्रीय महाप्रबंधक राज्य वन विकास निगम वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय अरण्य भवन नवा रायपुर, गुरु नाथन एन, वन संरक्षक को प्रभारी मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव, एवं क्षेत्र संचालक उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद, प्रणय मिश्रा विशेष सचिव वन विभाग मंत्रालय को प्रभारी वन संरक्षक प्रभारी क्षेत्र संचालक गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व अंबिकापुर और रमेश कुमार जांगड़े को उप वन संरक्षक अरण्य भवन नवा रायपुर को प्रभारी क्षेत्रीय महाप्रबंधक छग राज्य वन विकास निगम के पद पर पदस्थ किया गया है।

# हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या घटकर 73,751 पिछले 7 महीने में 2.53 प्रतिशत की कमी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में पिछले 7 महीने में लंबित प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। हाईकोर्ट के अनुसार इस दौरान लंबित प्रकरणों की संख्या में 2.53 प्रतिशत की शुद्ध कमी दर्ज की गई। विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस अवधि में निराकरण दर 106.21 प्रतिशत रही, जो यह दर्शाती है कि नए संस्थित प्रकरणों की तुलना में अधिक संख्या में पुराने लंबित प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

- इस अवधि में निराकरण दर 106 .21 प्रतिशत रही

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में कुल 75,667 प्रकरण लंबित थे। जनवरी, 2026 से 27 जुलाई 2026 तक 30,831 नए प्रकरण संस्थित हुए। इन प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 27 जुलाई 2026 तक कुल 32,747 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इससे 27 जुलाई 2026 की स्थिति में लंबित प्रकरणों की संख्या घटकर 73,751 हो गई।




### चीफ जस्टिस ने 19 दिन में 2111 प्रकरणों की सुनवाई की

उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मावकाश के दौरान लंबित प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई थी। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपनी खंडपीठ में अधिक संख्या में प्रकरणों की सुनवाई की। 1 जुलाई से 27 जुलाई 2026 के मध्य मात्र 19 कार्य दिवसों में उन्होंने 2111 प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण कर न्यायिक कार्यों में गति प्रदान की।

### 25 साल पहले किया प्राणघातक हमला, अब जाना पड़ेगा जेल

प्राण घातक हमला करने के आरोपी को 25 वर्ष बाद जेल जाना होगा। हाईकोर्ट ने आरोपी की अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 25 वर्ष पुराना मामला होने पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत का हवाला देते हुए कहा कि सजा का मकसद एक असरदार रोकथाम बनाना है ताकि भविष्य में ऐसे ही अपराधों को रोका जा सके। सजा देते समय ध्यान में रखने वाली बात यह है कि सजा बहुत ज़्यादा सख्त न हो, लेकिन साथ ही, यह इतनी हल्की भी न हो कि इसका रोकथाम वाला असर कम हो जाए। इसके साथ अपील करने वाले को चार माह कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने उसके जेल में निरूद्ध समय को सजा में समायोजित करने का निर्देश दिया है।

- सज़ा का मकसद अपराध को रोकने एक असरदार रोकथाम बनाना है- हाईकोर्ट

अपीलकर्ता गुरु उर्फ राहुल उर्फ प्रवीण कुमार शिंदे पिता हुलास राव,उम्र 26 वर्ष निवासी बांसपारा धमतरी का 3 दिसंबर 2002 को दीपक कुमार ओझा के साथ झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद राहुल ने दीपक पर तलवार से हमला कर दिया था। कोतवाली पुलिस ने धारा 307/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। सीजेएम कोर्ट ने मामले को विचारण के लिए रायपुर जिला एवं सत्र न्यायालय भेजा। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दो वर्ष कैद एवं 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी। अपील में कहा गया कि उसने जमानत में मिली आजादी का गलत इस्तमाल नहीं किया है। पिछले 25 वर्ष से हर सुनवाई में उपस्थित हो रहा है। इस आधार पर सजा में छूट देने अनुरोध किया गया। जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास ने सुनवाई में पाया कि अपराध गंभीर था। इस कारण से आरोपी की कैद की सजा से छूट देने पेश आवेदन को खारिज किया। कोर्ट ने कहा कि सज़ा को पहले से काटी गई अवधि तक कम करने की अर्जी पर विचार नहीं किया जा सकता और इसलिए, इसे रिजेक्ट किया जाता है।

### महिला का पर्स लेकर भागा ऑटो चालक

**रायपुर।** ऑटो चालक को किराया भाड़ा देने के बाद महिला का पर्स गिर गया। तब ऑटो चालक महिला को उनका पर्स गिरने की जानकारी देने के बजाय पर्स लेकर भाग गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जंत्री बाई जोशी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे के साथ ऑटो से इंटरस्टेट बस टर्मिनल पहुंची। वहां जब ऑटो चालक को किराया भाड़ा देने के बाद वह पर्स वापस अपने कमर के पास रख रही थी। उस दौरान पर्स नीचे गिर गया, जिसे महिला नहीं देख पाई। इस बात का फायदा उठाते हुए ऑटो चालक पर्स लेकर फरार हो गया। पर्स में नकदी पांच हजार रुपए सहित 50 हजार रुपए के सोने का जेवर थे।


Faith

MAKHIJA IVF & FERTILITY CENTRE

शुक्राणुओं की मात्रा कम या निल होने, गुणवत्ता में कमी होने पर भी ICSI जैसी आधुनिक तकनीकों द्वारा संतान प्राप्ति संभव

निःसंतान महिला/पुरुष परामर्श हेतु संपर्क कर सकते हैं?

- बंद फेलोपियन ट्यूब
- 35 से अधिक उम्र, Low AMH
- माहवारी बंद होना, माहवारी का अनियमित होना
- अण्डों का न बनना / समय पर न फूटना (PCOD)
- बच्चेदानी में गांठ, बच्चेदानी में दीवार
- ओवरी सिस्ट, चॉकलेट सिस्ट
- एंडोमेट्रियोसिस, एडिनोमायोसिस
- बार-बार गर्भपात होना
- बार-बार IVF का फेल होना
- बार-बार IUI का फेल होना
- पुरूष के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम / निल होना
- शुक्राणु की गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी
- शुक्राणु की गतिशीलता में कमी
- पुरुष नसबंदी

निःसंतानता ईलाज हेतु संपर्क करें या अपनी रिपोर्ट भेजें

EMI की सुविधा 8085758585 पारदर्शी इलाज

0% इंटरेस्ट रेट उच्च सफलता



हम आपके परिवार को पूरा करते हैं ...

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

Life begins here

अग्रसेन चौक के पास, टेलीफ़ोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर 8085758585

जल विहार कॉलोनी, तेलीबांधा तालाब के पास, रायपुर 8881588807

उपलब्ध सेवाएं - फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • ब्लास्टोसिस्ट • लेज़र हैचिंग • PGDA • डोनर सर्विसेज • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी - बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की गठान का ऑपरेशन • चॉकलेट सिस्ट • एडिनोमायोसिस • एंडोमेट्रियोसिस

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## कृषि विभाग के ताबड़तोड़ छापे के बावजूद लिमिट से ज्यादा खाद बेची जा रही

बियासी-रोपाई के समय खाद की जरूरत किसानों को खुले मार्केट में लूट का शिकार बना रही है। शासन की छापेमारी, जब्ती और सीलबंदी जैसी तमाम कार्रवाई के बावजूद खाद की कालाबाजारी पूरी तरह रुकी नहीं है। राज्यभर में खुले मार्केट में खाद सात सौ रुपए ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है। हालांकि शासन की ओर से खाद के दाम तय हैं और कई तरह की बंदिशें हैं। इसके बावजूद ऐसा हो रहा है। चिंताजनक यह है कि मौके का फायदा उठाने कई कारोबारियों ने किसानों को नकली खाद की सप्लाई भी की है। इसका खुलासा विभाग की जांच में हुआ है।



# जांच में खुलासा, खुले बाजार में महंगी बिक रही खाद, इनमें नकली भी

## सोसायटी और बाजार में खाद की कीमतों में भारी अंतर

**बलौदाबाजार।** खरीफ सीजन के बीच जिले के किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों (सोसायटी) में सरकारी दर पर मिलने वाले उर्वरक खुले बाजार में कहीं अधिक कीमत पर बिक रहे हैं। इससे किसानों की खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, सोसायटी में यूरिया 266 रुपए प्रति बोरी उपलब्ध है, जबकि खुले बाजार में यही 700 रुपए तक बेचा जा रहा है। इसी प्रकार डीएपी 2,100 रुपए में सोसायटी से मिलती है, जबकि बाजार में इसकी कीमत 2,700 रुपए तक पहुंच गई है। पोटाश सोसायटी में 1,350 रुपए और बाजार में 1,800 रुपए में बिक रही है। वहीं राखड़ की कीमत सोसायटी में 600 रुपए तथा बाजार में 800 रुपए बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि सहकारी समितियों से खाद लेने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उन्हें उधार पर उर्वरक उपलब्ध हो जाता है। किसान खरीफ सीजन में समिति से ▶▶| शेष पेज 6 पर



## दोगुनी से ज्यादा महंगी बिक रही यूरिया डीएपी, लगातार विभाग की दबिश भी

**धमतरी।** खुले बाजार में खाद की कालाबाजारी से किसान बेहाल हैं। यूरिया खाद तो दोगुने से ज्यादा दाम में बिक रहा है, वहीं डीएपी खाद भी डेढ़ गुना महंगे में बिक रही है। कई दुकानों में तो लादन भी थमाया जा रहा है। सहकारी समितियों में खाद की राशनिंग के चलते किसान खुले मार्केट से खाद का उठाव कर रहे हैं, जहां किसानों से ▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि सरोकार

### कोई लिमिट नहीं

इस साल किसानों को खाद कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा के अनुसार निर्धारित मापदंड में दिया जाना है, लेकिन खाद दुकानों में इस लिमिट का पालन नहीं हो रहा है। अधिकांश दुकानों में कागजों में लीपापोती कर किसानों को लिमिट से कई गुना अधिक खाद दी जा रही है।

## 700 रुपए महंगे दाम में डीएपी खाद खरीद रहे किसान



**जगदलपुर।** खाद संकट के चलते किसान 1350 का डीएपी एक बोरा 2000 रुपए से अधिक में किसान खरीद रहे हैं। खाद संकट और कालाबाजारी के बीच किसानों से महंगे दाम वसूलने और अवैध भंडारण करने वालों पर कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। तय मूल्य से अधिक कीमत लेने, बिना लाइसेंस खाद बेचने और रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलने पर विभाग ने गोदाम सील कर जब्ती और एफआईआर दर्ज की है। बिना वैध लाइसेंस के चल रहे गोदामों से यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक जब्त किए गए। निर्धारित सरकारी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### उर्वरक विक्रय सतर्कता अभियान चलाया जा रहा

कृषि अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद की जमाखोरी, कालाबाजारी, अधिक कीमत पर बिक्री और नियमों के उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इधर लेम्पस जगदलपुर के प्रबंधक सोनू राव ने बताया कि सरकारी व्यवस्था के तहत डीएपी 50 किलो का बोरा 1350 रुपए, पोटाश 1945 रुपए, नैनो यूरिया 225 रुपए एवं यूरिया 45 किलो 266.50 रुपए बोरा में खाद दिया गया है।

## दोगुने दाम पर बेच रहे खाद नकली खाद व दवाएं भी बना रहे

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में किसानों को खाद दोगुने दाम पर बेचे जा रहे हैं। यही नहीं किसानों को नकली खाद और दवाएं बनाकर भी बेची जा रही। इसका खुलासा कृषि विभाग की जांच में हुआ है। जिले में इस सीजन में अब तक 12 निजी कृषि केंद्रों में छापे मारे जा चुके हैं। इनमें से तीन कृषि केंद्रों के संचालकों पर एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है। ग्राम चिंगरी (अंडा) में निकली खाद व दवाएं निर्माण की फैक्टरी मिली। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### बिल में कम राशि भुगतान ज्यादा

पाटन के एक किसान के मामले में पीओएस मशीन से जारी बिल में कुल राशि केवल 3562 रुपए दर्ज थी जबकि फोन-पे से 5000 रुपए का भुगतान लिया गया। खरीदार के रूप में पता भी दुर्ग जिले का छोड़कर बालोद जिला दर्ज किया गया। जिले से बाहर के किसान को उर्वरक बेचना नियमों के विपरीत है।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

# रायपुर समेत 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, बजी मोबाइल की घंटी, चौंके लोग

*देशभर में मानसून सक्रिय है। भारी बारिश के चलते छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने रायपुर समेत प्रदेश के 16 जिलों में तेज गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है। सोमवार शाम लोगों के मोबाइल में अचानक अलर्ट आया तो लोग चौंक गए। इसमें भारी बारिश को लेकर सतर्क किया गया है।*


- छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित
- अगले 48 घंटे में कई इलाकों में गरज-चमक के साथ होगी बारिश
- मूसलाधार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/महासमुंद/सरायपाली/डौंडीलोहारा/बिलासपुर/रायगढ़

बिलासपुर में रिकार्ड बारिश के साथ सक्रिय हुआ मानसून अगले 48 घंटे तक छत्तीसगढ़ में पानी बरसाएगा। इस दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं पर भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को अलर्ट जारी किया है। सोमवार की शाम लोगों के मोबाइल की घंटी पर इमरजेंसी कॉल आने लगा। लोग चौंके और मैसेज देखा तो उसमें 16 जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से अब तक 565.0 ▶▶| शेष पेज 6 पर

### इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोरबा, महासमुंद, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सरगुजा में अलर्ट जारी किया है।





### बाइक के साथ बह गया किशोर, रेस्क्यू टीम ने निकाला

**महासमुंद/सरायपाली।** जिले में मूसलाधार बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर है। सर्वाधिक बारिश जिले के सरायपाली क्षेत्र में होने से पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिसके कारण कई गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से कट गया। सुरंगी नाले में बाइक के साथ बह गए एक 15 वर्षीय किशोर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### स्कूल में पानी भरा मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चे धो रहे बर्तन

**डौंडीलोहारा।** बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के केवटनवागांव सहित आसपास के गांवों में दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। केवटनवागांव स्थित शासकीय पूर्व ▶▶| शेष पेज 6 पर



### गया था मछली पकड़ने, अचानक आई बाढ़ तो पेड़ में गुजारी रात

**रायगढ़।** 70 वर्षीय बुजुर्ग को पानी के भीतर एक पेड़ में रात गुजारनी पड़ी। वह मछली पकड़ने लात नाले के दूसरे घाट में गया था। अचानक से नदी में पानी भरने लगा और बुजुर्ग वहां फंस गया। दोनों छोर से पानी भरने की वजह से निकल नहीं सका। वहां एक टापू जैसे जगह था, जहां एक बबूल का पेड़ था। बुजुर्ग ने उस पेड़ में रात गुजार दी। सुबह रायगढ़ नगर सेना की टीम पहुंची और उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। बुजुर्ग ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### पूर्व सरपंच दंपती का अभी तक पता नहीं

उसी लात नाले में रविवार की शाम एक कार बह गई थी। उसमें पूर्व सरपंच देवनारायण पटेल और उनकी पत्नी सवार थे। दोनों गाड़ी में ही फंस कर रह गए हैं या बाहर निकल गए हैं अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

## आरबीआई ने राजनांदगांव केंद्रीय सहकारी बैंक पर लगाया 1 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित पर नियामकीय निर्देशों के उल्लंघन के मामले में एक लाख रुपए का मौद्रिक दंड लगाया है। आरबीआई ने 16 जुलाई को जारी आदेश में बताया कि बैंक ने 'जमाराशियों पर ब्याज दर' संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया और कुछ अपात्र जमाकर्ताओं को अतिरिक्त ब्याज प्रदान किया। इसी अनियमितता के कारण बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

- नाबार्ड के निरीक्षण में सामने आई अनियमितता
- कुछ अपात्र जमाकर्ताओं को अतिरिक्त ब्याज देने पर कार्रवाई
- ग्राहकों के लेनदेन पर नहीं पड़ेगा असर

### ग्राहकों के हितों पर नहीं होगा प्रभाव

आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल विनियामकीय अनुपालन में पाई गई कमियों के आधार पर की गई है। इसका उद्देश्य बैंक और उसके ग्राहकों के बीच हुए किसी भी लेनदेन या अनुबंध की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि यह मौद्रिक दंड भविष्य में बैंक के विरुद्ध आरबीआई द्वारा की जाने वाली किसी अन्य नियामकीय कार्रवाई को प्रभावित नहीं करेगा।

## खबर संक्षेप

### चार करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अबतक चार करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये हैं। विभाग ने करदाताओं से 31 जुलाई की अंतिम तिथि से पहले अपना रिटर्न दाखिल करने की अपील की है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर करदाताओं से 31 जुलाई से पहले आयकर रिटर्न एक (सहज) और दो भरने को कहा है।

### महिला और उसके दो बच्चे ट्रेन से कटे



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के जाखलौन थाना क्षेत्र में धौर्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार को एक महिला और उसके दो बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जाखलौन थाना क्षेत्र के धौर्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक एक महिला और उसकी बेटी व बेटे की अज्ञात ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। जिनकी पहचान दीपा यादव (35), उसकी बेटी शिवांगी (पांच) और बेटे कृष (दो) के रूप में हुई है।

### हाथी के हमले में ऑटो चालक की मौत



**इंदौर।** इंदौर में हाथी को गुड़ खिलाने के दौरान उसके हमले में 49 वर्षीय ऑटो रिक्शा चालक की मौत को लेकर पुलिस ने इस पशु को नियंत्रित रखने में लापरवाही के आरोप में महावत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर की राज नगर पुलिस चौकी के सामने हुई घटना सीसीटीवी कैमरा में रिकॉर्ड हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

## तीन शहरों में सर्वे, स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत नहीं बढ़ी



रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के तुलनात्मक अध्ययन में जुलाई में बिजली खपत में उल्लेखनीय कमी होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रम की स्थिति तथा अलग-अलग तरीके से फैलाई जा रही अफवाहों के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने राज्य के तीन शहर रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग में स्मार्ट मीटर का सर्वे कराया है। क्षेत्रीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगे घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली की खपत का तीन माह का तुलनात्मक अध्ययन कराया है। मई, जून और जुलाई 2026 की खपत के विश्लेषण में यह सामने आया कि अधिकतर उपभोक्ताओं की बिजली खपत जुलाई में कम हुई है।

राजधानी के 3 लाख 11 हजार 374 घरेलू स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के अध्ययन में 1 जून से 26 जून 2026 के दौरान कुल बिजली खपत लगभग 10.85 करोड़ यूनिट दर्ज की गई थी, जबकि 1 जुलाई से 26 जुलाई 2026 के दौरान यह घटकर लगभग 7.77 करोड़ यूनिट रह गई। खपत में 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यदि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ताओं की बात करें, तो 1 लाख 21 हजार 135 उपभोक्ताओ के बिलों के विश्लेषण से पता चलता है कि उनकी खपत में लगभग 44 प्रतिशत की कमी हुई है।

### तीन माह का तुलनात्मक अध्ययन

बिजली विभाग के दावों के मुताबिक खपत का आधार स्मार्ट मीटर नहीं, अपितु उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही वास्तविक खपत है। ऐसे उपभोक्ता जिनके घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे थे, उनकी खपत में भी माह अप्रैल-मई-जून में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज हुई है।

### चार सौ यूनिट से ज्यादा का योजना का लाभ नहीं

उपभोक्ता जो एसी का उपयोग करते हैं, जिससे इनकी खपत 400 यूनिट से अधिक होती है। इन्हें मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान योजना का लाभ नहीं मिल पाता, जिसके कारण विद्युत देयक में वृद्धि होती है। परंतु जुलाई की सिस्टम से निकाले गए आंकडों में ऐसे उपभोक्ताओं की खपत में भी उल्लेखनीय कमी हुई है, जिससे जुलाई की खपत जिसका बिल अगस्त में आयेगा, की देय राशि कम होगी एवं अधिक उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान योजना का लाभ प्राप्त होगा।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला

## नई एसआईटी बनाई, कोर्ट ने कहा- शामिल करो 'फॉरेंसिक ऑडिटर'

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक किरण एस की अध्यक्षता में चार सदस्यों वाली एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से एसआईटी में पांचवें सदस्य के तौर पर एक 'फॉरेंसिक ऑडिटर' शामिल करने को कहा, जो दो हफ़्ते के अंदर पहली स्थिति रिपोर्ट सौंपेगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया।

### आरोपियों की हिरासत 10 अगस्त तक

राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले के सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक स्थानीय विशेष अदालत ने सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी।

## छग की टीम में शामिल होंगे स्टार खिलाड़ी यश, जयंत और जडेजा

छत्तीसगढ़ की रणजी टीम होगी और मजबूत, तीन अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र से पहले छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ अपनी रणजी टीम को मजबूत बनाने में जुट गया है। संघ ने अनुभवी खिलाड़ियों को टीम से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल, भारतीय टीम से खेल चुके ऑफ स्पिनर जयंत यादव और सौराष्ट्र के अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर धर्मेंद्र सिंह जडेजा के नाम प्रमुख हैं। संबंधित राज्य क्रिकेट संघों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलने के बाद ▶▶| शेष पेज 6 पर

यश दयाल, जयंत यादव और धर्मेंद्र सिंह जडेजा की एनओसी के बाद टीम से जुड़ने का रास्ता होगा साफ







### यूपी से छत्तीसगढ़ का रुख करेंगे यश दयाल

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल आगामी घरेलू सत्र से उत्तर प्रदेश के बजाय छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। मंजूरी मिलने के बाद वह आधिकारिक रूप से छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा बन जाएंगे। यश के जुड़ने से टीम के तेज गेंदबाजी ▶▶| शेष पेज 6 पर

# पहले टोकन फिर मिलेगा तत्काल टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप अक्सर रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे ने 1 अगस्त से तत्काल टिकट बुकिंग के प्रोसेस में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। नए नियमों के तहत अब टोकन देने का समय बदला जाएगा, ताकि यात्रियों को ▶▶| शेष पेज 6 पर

- रेलवे ने किया बड़ा बदलाव 1 अगस्त से बदल जाएंगे नियम

### अब ये होगी नई टोकन टाइमिंग

1 अगस्त से लागू होने वाले नए नियमों के तहत तत्काल टिकट के लिए टोकन पहले की तुलना में जल्दी दिए जाएंगे, ताकि यात्रियों को बुकिंग शुरू होने से पहले ही अपनी बारी मिल जाए। एसी तत्काल टिकट के लिए टोकन सुबह 8:30 बजे से 9:00 बजे तक जारी किए जाएंगे, जबकि नॉन-एसी (स्लीपर) तत्काल टिकट के लिए टोकन सुबह 9:00 बजे से 9:30 बजे तक मिलेंगे।



### टोकन की संख्या तय

रेलवे ने प्रत्येक रिजर्वेशन काउंटर के लिए टोकन की संख्या भी तय की है। हर काउंटर पर एसी तत्काल टिकट के लिए 10 टोकन और नॉन-एसी तत्काल टिकट के लिए 15 टोकन जारी किए जाएंगे।

### बुकिंग के समय ये दस्तावेज रखें साथ

तत्काल टिकट के लिए अपने साथ आधार कार्ड या कोई अन्य वैध फोटो पहचान पत्र जरूर रखें। इसके अलावा यात्रियों के नाम, उम्र और यात्रा से जुड़ी जानकारी पहले से तैयार रखने पर टिकट बुकिंग की प्रक्रिया और तेज हो सकती है। नए टोकन सिस्टम का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यात्रियों को तत्काल टिकट के लिए बार-बार रिजर्वेशन काउंटर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। टोकन पहले मिलने से वे समय पर अपनी बारी का इंतजार कर सकेंगे।


## स्पीड पोस्ट सेवा के नए नियम, नई दरें

**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने सोमवार को डाक सामग्रियों के वर्गीकरण पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि लिखित, मुद्रित सामग्री और बिना पुनर्विक्रय मूल्य वाली उपहार सामग्री के पैकेट पत्र की श्रेणी में आएंगे, जबकि अन्य सभी वस्तुओं को पार्सल की श्रेणी में रखा जाएगा। डाक विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र से जुड़े सामान जैसे स्वागत किट, पत्र, पासबुक, चेक बुक, बैंक विवरण, प्लास्टिक कार्ड, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड को पत्र की श्रेणी में रखा जाएगा।

## चिंतन

# अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा पर चर्चा करे विपक्ष

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर विमर्श और बेहतर कानून बनाने का सर्वोच्च संस्थान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा शुरू होने से पहले ही सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष का यह कहना कि नीट पेपर लीक प्रकरण में गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें, अपनी जगह एक राजनीतिक मांग हो सकती है, लेकिन करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़े कानून पर बहस को बाधित करना लोकतांत्रिक दायित्वों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। इसलिए विपक्ष अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार वाले इस बिल पर चर्चा करे और इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव दे, ताकि इस कानून को और मजबूत किया जा सके। प्रस्तावित संशोधन में पेपर लीक के आरोपियों के लिए अधिक कठोर सजा, भारी आर्थिक दंड और विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे मामलों की रोजाना सुनवाई संभव होगी और दोषियों को वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया का लाभ लेकर बच निकलने का अवसर कम मिलेगा। साथ ही यह कानून यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, एनटीए तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं पर लागू होगा, जिससे इसकी व्यापकता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। हालांकि केवल कठोर कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। विपक्ष की यह भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है कि वह विधेयक का सूक्ष्म अध्ययन करे और आवश्यक सुधारों के सुझाव दे। उदाहरण के लिए, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, साइबर सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, व्हिसलब्लोअर संरक्षण, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और समयबद्ध जांच जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हो सकती है। यही रचनात्मक विपक्ष की पहचान होती है। संसद में बहस का उद्देश्य सरकार को घेरना भर नहीं, बल्कि कानून को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना भी होता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि पेपर लीक केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौती है। जब तक भ्रष्ट नेटवर्क, तकनीकी कमजोरियां और प्रशासनिक लापरवाही समाप्त नहीं होगी, तब तक केवल दंड के डर से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। इसके लिए पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, आधुनिक तकनीक, मजबूत निगरानी और जवाबदेह संस्थागत ढांचे की समानांतर आवश्यकता है। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है, लेकिन उसकी सिफारिशों को भी शीघ्र लागू करना होगा। संसद में टकराव लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर संवाद उससे कहीं अधिक आवश्यक है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की सार्थक बातों को स्वीकार करे और विपक्ष का दायित्व है कि वह हंगामे से आगे बढ़कर ठोस सुझाव दे। कुल मिलाकर शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी दल की राजनीति से बड़ा विषय है। यदि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर सहमति बनाकर एक मजबूत, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा व्यवस्था तैयार कर पाते हैं, तो यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी। संसद की गरिमा भी तभी बढ़ेगी, जब बहस का केंद्र राजनीति नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों का भविष्य बने। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।



राजनीति
ओमकार चौधरी

# पंजाब में बड़ी चुनावी चुनौतियां


पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा और शासन मॉडल पर जनमत का महत्वपूर्ण फैसला होगा। 2022 में प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई आम आदमी पार्टी पहली बार अपने पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर जनता के बीच जाएगी, जबकि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल वापसी और विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में होंगे। नशा, बेरोजगारी, कृषि संकट, कानून-व्यवस्था, बढ़ता कर्ज, उद्योग, निवेश और युवाओं का पलायन जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। ऐसे में मुकाबला केवल दलों का नहीं, बल्कि प्रदर्शन, विश्वसनीयता, नेतृत्व और भविष्य के विजन का भी होगा।

पंजाब का अगला विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने या बचाने का चुनाव नहीं होगा, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला चुनाव साबित हो सकता है। 2022 में 117 में से 92 सीटें जीतकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी (आप) अब पहली बार अपने शासन के आधार पर जनता के सामने होगी। दूसरी ओर कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल तीनों सत्ता में आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2022 में आप को अभूतपूर्व जनादेश मिला था। अब मतदाता वादों के बजाय प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगा। जो मुख्य चुनौतियां उसके सामने हैं, उनमें नशे की समस्या पर नियंत्रण कर पाई या नहीं कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष के लगातार हमले जारी हैं। राज्य ऋण बढ़ने और वित्तीय स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। कृषि संकट का स्थायी समाधान न निकलने पर प्रश्न उठ रहे हैं। उद्योग एवं निवेश आकर्षित करने की चुनौती जस की तस बनी है। युवाओं को रोजगार के सपने दिखाए गए थे। उस दिशा में कोई ठोस स्टेप नहीं लिए गए। आप अपनी उपलब्धियों के रूप में सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार जैसे मुद्दों को सामने रख रही है, जबकि विपक्ष आर्थिक प्रबंधन और प्रशासनिक प्रदर्शन पर प्रश्न उठा रहा है।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन विधानसभा चुनाव अलग प्रकृति के होते हैं। उसकी प्रमुख चुनौतियों की बात करें तो मुख्यमंत्री का चेहरा कौन रहे, इसे लेकर आपस में ही लीडरशिप खींचातानी में उलझ गई है। सवाल यह है कि ऐसे में क्या पार्टी एक स्पष्ट नेतृत्व घोषित करेगी या चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी ? पंजाब कांग्रेस लंबे समय से विभिन्न नेताओं के बीच शक्ति-संघर्ष से प्रभावित रही है। यदि चुनाव तक संगठन पूरी तरह एकजुट नहीं हुआ तो इसका सीधा लाभ प्रतिद्वंद्वियों को मिल सकता है।

क्या भाजपा चौंका सकती है? यही सबसे रोचक प्रश्न है। भाजपा के पक्ष में जो बातें जाती हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता। केंद्र सरकार की योजनाएं। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा। सीमा राज्य होने के कारण सुरक्षा विमर्। शहरी हिंदू मतदाता में अपेक्षाकृत मजबूत आधार। हाल के महीनों में भाजपा ने पंजाब में अभियान तेज किया है और स्वयं को आप का प्रमुख विकल्प बताने की कोशिश की है लेकिन उसके सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। ग्रामीण सिख क्षेत्रों में उसके पास सीमित संगठन है। किसान आंदोलन के बाद जो दूरी बनी थी, उसे पाटने के लिए गंभीर पहल नहीं हो सकी है। स्वतंत्र रूप से 117 सीटों पर मजबूत स्थानीय नेतृत्व विकसित करना बड़ी चुनौती है। अकाली दल से अलग होने के बाद पारंपरिक वोटों का बिखराव भी एक बड़ी चुनौती है परंतु हरियाणा, बंगाल सहित कई जगह उसके अकेले मैदान में उतरने के फैसले काफी सकारात्मक रहे हैं। उसे फायदा भी मिला है।

क्या भाजपा बंगाल जैसा प्रदर्शन कर सकती है ? इस प्रश्न का उत्तर सरल हां या नहीं में नहीं है। समानताएं क्या हैं? मजबूत केंद्रीय नेतृत्व। संसाधनों की उपलब्धता। संगठन विस्तार की रणनीति। विपक्ष की कमजोरी का लाभ लेने का प्रयास लेकिन पंजाब बंगाल नहीं है। पंजाब की राजनीति तीन विशिष्ट आधारों पर चलती है।



सिख धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय अस्मिता। यहां राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक समीकरण अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ सकता है, सीटें भी बढ़ सकती हैं, लेकिन बंगाल जैसी छलांग लगाना अभी भी कठिन चुनौती माना जाएगा। क्या शिरोमणि अकाली दल वापसी कर सकता है? अकाली दल पंजाब की सबसे पुरानी क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में किसान आंदोलन, भाजपा से अलगाव, संगठनात्मक कमजोरी, नेतृत्व पर प्रश्नऔर नए पंथिक समूहों को उभार ने उसके सामने कठिन चुनौतियां पेश कर दी हैं। इन सबने उसके आधार को कमजोर किया है। यदि अकाली दल अपनी पारंपरिक ग्रामीण-सिख राजनीति को पुनर्जीवित करता है और संगठनात्मक एकता स्थापित करता है, तो वह किंगमेकर की भूमिका में लौट सकता है। लेकिन पूर्ण बहुमत तक पहुंचना फिलहाल कठिन दिखाई देता है। हाल के समय में पंथिक राजनीति के भीतर नए धड़ों और गठबंधनों की गतिविधियां भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती हैं।

**पंजाब के वास्तविक चुनावी मुद्दे :** इस बार भावनात्मक मुद्दों से अधिक शासन और अर्थव्यवस्था पर ध्यान रहने की संभावना है। प्रमुख मुद्दों में नशा और ड्रग तस्करी, बेरोजगारी, कृषि संकट, एमएसपी और किसानों की आय, उद्योगों का पलायन, राज्य का बढ़ता कर्ज, कानून-व्यवस्था, गैंगस्टर नेटवर्क, सीमा सुरक्षा, युवाओं का विदेश पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक पारदर्शिता, पानी और भूजल संकट और नहर एवं सिंचाई व्यवस्था माने जा रहे हैं।

**संभावित चुनावी नैरेटिव :** आम आदमी पार्टी दावा करेगी कि हमने व्यवस्था बदली। भ्रष्टाचार कम किया। शिक्षा और स्वास्थ्य को सुधारा। पुरानी पार्टियों से बेहतर शासन दिया। कांग्रेस कहेगी कि आप ने उम्मीदों पर खरा उतरने वाले प्रदर्शन नहीं किया। पंजाब को अनुभवी सरकार चाहिए। भाजपा का कहना होगा कि डबल इंजन से ही विकास संभव है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस सीमाब प्रांत में भी उसकी सरकार जरूरी है। वह निवेश और उद्योग लेकर आएगी। रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराएगी मजबूत प्रशासन देगी। अकाली दल कहेगा कि पंजाब को उसकी पहचान और संघीय अधिकार दिलाएगी। किसानों और सिख हितों की राजनीति करेगी। क्षेत्रीय दल ही पंजाब के हितों की बेहतर रक्षा कर सकता है।

**2027 का चुनाव संभवतः** इन पांच सवालों पर केंद्रित होगा। क्या आप अपना जनादेश बचा पाएगी? क्या कांग्रेस फिर मुख्य विपक्ष से सरकार तक पहुंच पाएगी? क्या भाजपा पहली बार पंजाब में बड़ी शक्ति बन सकेगी? क्या अकाली दल अपनी ऐतिहासिक भूमिका पुनः प्राप्त करेगा? क्या चुनाव त्रिकोणीय रहेगा या चतुष्कोणीय? पंजाब का चुनाव इस बार केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि विश्वसनीयता बनाम उम्मीद, स्थानीय नेतृत्व बनाम राष्ट्रीय नेतृत्व, और शासन बनाम पहचान की राजनीति के बीच भी होगा। आप के लिए यह अपने शासन का जनमत-संग्रह होगा। कांग्रेस के लिए संगठन और नेतृत्व की परीक्षा, भाजपा के लिए विस्तार की चुनौती, और शिरोमणि अकाली दल के लिए अस्तित्व एवं पुनरुत्थान का संघर्ष। यदि चुनाव तक किसी दल ने राज्य के वास्तविक आर्थिक, कृषि और युवा-संबंधी मुद्दों पर विश्वसनीय रोडमैप प्रस्तुत किया, तो वही निर्णायक बढ़त बना सकता है। अभी के राजनीतिक संकेतों के आधार पर मुकाबला खुला है, और किसी एक दल की स्पष्ट बढ़त मान लेना जल्दबाज़ी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस

ऋषभ मिश्रा



# हेपेटाइटिस मुक्त भारत अब बने राष्ट्रीय संकल्प

भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां वायरल हेपेटाइटिस का बोझ अत्यधिक है। विडंबना यह है कि हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियों की रोकथाम और उपचार दोनों संभव हैं, फिर भी लाखों लोग इनके संक्रमण से अनजान हैं। यही कारण है कि हेपेटाइटिस को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लगभग 4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी और 60 लाख से 1.2 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-सी से दीर्घकालिक रूप से संक्रमित हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी के लगभग 10 करोड़ और हेपेटाइटिस-सी के 3 करोड़ मरीज हैं। हेपेटाइटिस मूलतः यकृत (लीवर) की सूजन है, जो मुख्यतः वायरस के कारण होती है। हेपेटाइटिस-ए और ई प्रायः दूषित भोजन तथा पानी से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित उपकरणों तथा मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और सी का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके लक्षण कई वर्षों तक दिखाई नहीं देते, लेकिन धीरे-धीरे ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। 'डब्ल्यूएचओ' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया भर में लगभग 28.7 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी या सी के साथ जीवन जी रहे थे और लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु इनसे संबंधित बीमारियों के कारण हुई। यह संख्या एचआईवी और मलेरिया जैसी कई अन्य संक्रामक बीमारियों के बराबर या उससे अधिक है। भारत में समस्या केवल संक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि पहचान और उपचार की कमी भी बड़ी चुनौती है। अधिकांश संक्रमित व्यक्तियों को यह पता ही नहीं होता कि वे वायरस के वाहक हैं। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक लीवर को गंभीर क्षति पहुंच चुकी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में करोड़ों लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग कभी जांच तक नहीं कराते। भारत की एक अन्य चुनौती स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी झुग्गियों में दूषित जल के कारण हेपेटाइटिस-ए और ई के प्रकोप समय-समय पर सामने आते रहते हैं। हाल के वर्षों में जलजनित रोगों के लाखों मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें हेपेटाइटिस-ए और ई भी शामिल हैं। इसके साथ ही असुरक्षित इंजेक्शन, अनियमित रक्त संक्रमण, टैटू बनवाने में अस्वच्छ उपकरणों का उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी भी संक्रमण के प्रसार में योगदान देती है। कई बार सामाजिक कलंक और भय के कारण लोग जांच कराने से भी बचते हैं। परिणामस्वरूप संक्रमण अनजाने में परिवार और समाज में फैलता रहता है। वस्तुतः हेपेटाइटिस उन्मूलन केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले जन-जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। दूसरी ओर, गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच और नवजात शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त रक्त बैंकों और स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण के मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा। हेपेटाइटिस-सी के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाओं और हेपेटाइटिस-बी के दीर्घकालिक उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना भी आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि यदि वर्तमान वैज्ञानिक साधनों का व्यापक उपयोग किया जाए तो वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में समाप्त किया जा सकता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह बीमारी केवल चिकित्सकीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। इसलिए हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में सरकार, चिकित्सा समुदाय, नागरिक समाज और आम जनता सभी की समान भागीदारी आवश्यक है। वस्तुतः भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है, तो उसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हेपेटाइटिस जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से होने वाली मौतें किसी भी आधुनिक समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। समय की मांग है कि जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए, जांच को सामान्य स्वास्थ्य संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए, टीकाकरण को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और हेपेटाइटिस मुक्त भारत को अब राष्ट्रीय संकल्प बनाना होगा। तभी हेपेटाइटिस मुक्त भारत का लक्ष्य वास्तविकता बन सकेगा।

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित
**दर्शन**

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। नाई और उस व्यक्ति के बीच में ऐसे ही बातें शुरू हो गई और वे लोग बातें करते-करते भगवान के विषय पर बातें करने लगे। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? मैं ऐसे निर्दयी ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता जो इन सब की अनुमति दे। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा? व्यक्ति ने कहा- तुम बिल्कुल सही कह रहे हो, यही बात है। भगवान भी होते है लेकिन कुछ लोग भगवान पर विश्वास ही नहीं करते तो भगवान उनकी मदद कैसे करेंगे। विश्वास ही सत्य है!

## अंतर्मन




### आज की पाती

**इस्तीफा तो हो गया लेकिन क्या छात्रों को न्याय मिला?**

कई दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पहली नजर में इसे आंदोलन की बड़ी जीत और लोकतंत्र की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न वही है, जो हर छात्र और अभिभावक के मन में है- क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो गया? क्या इससे पेपर लीक की समस्या समाप्त हो जाएगी? क्या प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लौट आएगी? क्या लाखों विद्यार्थियों की मेहनत अब बिना किसी भय के रंग लाएगी? इन सभी सवालों का उत्तर फिलहाल नकारात्मक दिखाई देता है। यही कारण है कि आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल एक मंत्री के इस्तीफे से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में आने वाले वास्तविक सुधारों से किया जाना चाहिए। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### मेरा कोई रोल नहीं




पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। वायरल वीडियो में एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई-20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। **-नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री

### क्या संदेश दे रही भाजपा



भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या भाजपा देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है? **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### सर्वोच्च बलिदान दिया



कैप्टन सौरभ कालिया, कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडेय जैसे युवा अधिकारियों ने युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। कई सैनिक ऐसे थे, जिनकी उम्र 25 वर्ष भी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इतिहास उन्हें कभी नहीं भूलेगा। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र


### श्रमिकों के परिवारों को मदद



आज हमने सिक्किम हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक मदद दी है। नौ परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इनमें से सात को होम गार्ड के तौर पर और दो को नागरिक स्वयंसेवक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर


# अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर



अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी रहा। इस बीच, अमेरिका में चार करोड़ से अधिक लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की हुई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, 'हीट इंडेक्स' (मानव शरीर को वास्तव में महसूस होने वाला तापमान) 38 डिग्री सेल्सियस से काफी ऊपर दर्ज किया गया। इसका प्रभाव मिनेसोटा से लेकर मिसिसिपी तक और पश्चिम में दक्षिणी कैलिफोर्निया तथा नेवादा तक रहा। दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि यह भीषण गर्मी 'हीट डोम' के कारण पड़ रही है। इस स्थिति में उच्च वायुदाब किसी बड़े क्षेत्र के ऊपर एक गुंबद की तरह बन जाता है और गर्म हवा को बाहर निकलने नहीं देता। इससे तापमान बढ़ता जाता है और कई दिनों तक भीषण गर्मी बनी रहती है। नेब्रास्का के ओमाहा में बेघर लोगों के लिए काम करने वाले संगठन 'थ्रेशहोल्ड सीओसी' के आउटरीच प्रबंधक पीट मिलर ने रविवार को पानी की बोतलें वितरित करते हुए कहा, ' 'गर्मी असाधारण रूप से ज्यादा है।

## ऑफ बीट

# क्या बॉस का गाली देना अच्छी 'लीडरशिप' की निशानी है ?



कुछ लोगों की बातचीत में गाली-गलौज आम बात होती है। कार्यस्थल पर भी ऐसे लोग मिल जाते हैं और कई बार वे नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। क्या गाली देने वाला बॉस बेहतर 'टीम लीडर' हो सकता है? सुनने में यह अजीब लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सामने वाला व्यक्ति और उसकी टीम उस भाषा को किस तरह लेती है। शायद आपने भी ऐसे 'टीम लीडर' या 'मैनेजर' के साथ काम किया हो, जो कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते समय बीच-बीच में गाली-गलौज से परहेज नहीं करते हों या अपनी बात को सबसे स्पष्ट तरीके से रखने के लिए अक्सर अपशब्दों का सहारा लेते हैं। हालांकि, ऐसे व्यवहार पर सहकर्मियों की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती। कुछ लोगों को यह सहज और मजेदार लग सकता है, कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि कई लोग इसे खराब नेतृत्व, गैर-पेशेवर रवैया और पूरी तरह अनावश्यक मानते हैं। अध्ययन से पता चलता है कि गाली देने वाले बॉस के प्रति लोगों की राय केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उन्होंने क्या कहा, बल्कि इसपर भी निर्भर करती है कि सुनने वाला कौन है और वह किस देश या सामाजिक परिवेश में रहता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि नेतृत्व करने का कोई एक ऐसा तरीका नहीं है, जिसे हर जगह ' 'सही' ' माना जाए।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# ‘कुछ नहीं हुआ, मैं एसी कमरे का एक्टिविस्ट नहीं बल्कि स्ट्रीट फाइटर हूं’

## इस्तीफे के बाद पहली बार संसद पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद सोमवार को जब भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान संसद पहुंचे तो पार्टी के सांसदों और एनडीए सहयोगियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। संसद परिसर में ‘प्रधान जिंदाबाद’ के नारे लगे और कई सांसदों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पारंपरिक टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इसी दौरान कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सहानुभूति जताते हुए प्रधान से कहा, ‘इट हैप्पंड्स’। इस पर प्रधान ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, ‘कुछ नहीं हुआ। मैं एसी कमरे का एक्टिविस्ट नहीं बल्कि स्ट्रीट फाइटर हूं।’

### नीट पेपर लीक मामले में चल रहे विवाद के बीच देना पड़ा है इस्तीफा



**शनिवार को इस्तीफा :** धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा नीट पेपर लीक विवाद के बाद आया जिसे लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रही थी। संसद परिसर में मौजूद भाजपा सांसदों ने प्रधान के समर्थन में कहा कि बिना किसी व्यक्तिगत आरोप के इस्तीफा देने वाले वह पहले मंत्री हैं।

**यह मेरे व्यक्तिगत सम्मान का सवाल नहीं**

इस्तीफे के बाद शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था, ‘पिछले 10 दिनों की घटनाओं से मैं बेहद आहत हूं। यह मेरे व्यक्तिगत सम्मान का सवाल नहीं है। भारत की युवा शक्ति ही देश की सबसे बड़ी ताकत है और मेरा संकल्प है कि देश के युवाओं को भ्रम के दुष्चक्र में नहीं फंसने देंगे।’

**संगठन में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी**

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि धर्मेंद्र प्रधान को भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्हें आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की चुनावी रणनीति की कमान भी सौंपी जा सकती है। प्रधान को ओडिशा भाजपा का सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने बिहार, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में पार्टी के चुनावी अभियानों में अहम भूमिका निभाई है। इस्तीफे के तुरंत बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की।

**ओडिशा भाजपा में रहेगा रुतबा कायम!**

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने शिक्षा क्षेत्र में धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किए गए सुधारों की सराहना की। भाजपा नेताओं का कहना है कि उनका इस्तीफा राजनीतिक कमजोरी नहीं बल्कि ‘जवाबदेही, त्याग और राष्ट्रीय हित’ का उदाहरण है। ओडिशा भाजपा में भी उनके प्रभाव पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं मानी जा रही है। 2014 के बाद से राज्य में भाजपा के विस्तार और 2024 के विधानसभा चुनाव में मिली सफलता का बड़ा श्रेय भी प्रधान को दिया जाता है।

## वांगचुक अस्पताल से डिस्चार्ज होकर पहुंचे राजघाट, बापू को दी श्रद्धांजलि



गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सोमवार को डिस्चार्ज हो गए। दोपहर 1:45 बजे अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह अपनी पत्नी डॉ. गीतांजलि के साथ दिल्ली के राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बातचीत में सोनम वांगचुक ने कहा, ‘मैं देश को बताना चाहता हूं कि बापू का दिखाया रास्ता आज भी उतना ही सही और प्रासंगिक है, जितना 100 साल पहले था। शांतिपूर्ण आंदोलन के कारण हमारी जीत हुई है। हिंसा होती तो मामला बिगड़ सकता था। इसलिए मैंने समय से पहले अनशन खत्म किया।’ वांगचुक लद्दाख से जुड़े मुद्दों और नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 26 दिनों तक अनशन पर बैठे थे। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बाद गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था।

**आगे भी आवाज उठाता रहूंगा**

डिस्चार्ज होने से पहले सोनम वांगचुक ने वीडियो जारी कर कहा- ‘अब मेरी तबीयत पहले से काफी बेहतर है। मैं धीरे-धीरे खाना खा रहा हूं और शरीर में भी ताकत लौट रही है। जैसे स्विट्जरलैंड से लौटने के बाद अनशन शुरू करने से पहले राजघाट जाकर बापू को श्रद्धांजलि दी थी और फिर जंतर-मंतर पहुंचा था, उसी परंपरा को आज भी दोहराया जाएगा। इसके बाद मैं अपने घर लद्दाख के लिए रवाना हो जाऊंगा। देशभर से छोटे-बड़े, पास-दूर सभी लोगों ने एकजुट होकर इस मुहिम में अपनी आवाज मिलाई। सभी के सहयोग से यह आंदोलन सफल हुआ है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों पर इसी तरह मिलकर आवाज उठाई जाती रहेगी।’

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी पर टिप्पणी दास ने मांगी माफी



**कोच्चि।** चर्चित ट्रांसजेंडर मेकअप आर्टिस्ट और रियलिटी शो में भाग ले चुकी जानमोनी दास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके माता-पिता को लेकर की गई अपनी हालिया आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है और कहा कि उनकी किसी को आहत करने की कोई मंशा थी। नयी दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन पर मीडिया के एक वर्ग से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दास की आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था, जिसके बाद उनकी तीखी आलोचना हुई।

### पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन के लिए फांसी की मांग

**नई दिल्ली।** आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों के लिए दिल्ली पुलिस ने फांसी की सजा मांगी है। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट में सजा पर बहस हुई। पुलिस ने दलील दी कि अपराधियों ने बेहद क्रूर और जघन्य तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया है। यह इन लोगों की सोची-समझी साजिश थी। बचाव पक्ष ने दलील दी कि हर मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती।

## सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनकारियों पर हो रहे बल प्रयोग पर अपनाया कड़ा रुख

# ‘प्रदर्शन के नाम पर पुलिस की बर्बरता सही नहीं, शांतिपूर्ण प्रदर्शन संवैधानिक अधिकार’

*सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनकारियों पर हो रहे पुलिस बल प्रयोग और लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बेहद कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश में नागरिकों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है और केवल किसी आंदोलन या प्रदर्शन की वजह से पुलिस द्वारा की जाने वाली बर्बरता (पुलिस एक्सेस) को जायज नहीं ठहराया जा सकता। अदालत में बिहार में एके 47 के इस्तेमाल का मुद्दा भी उठा।*

**देश भर के लिए समान पुलिस प्रोटोकॉल की बताई जरूरत**

**लाठीचार्ज पर गाइडलाइंस जारी करेगा सर्वोच्च न्यायालय**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जंतर मंतर पर पुलिस बर्बरता मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। देश भर के लिए समान पुलिस प्रोटोकॉल होना चाहिए। हम लाठीचार्ज पर गाइडलाइंस जारी करेंगे। जंतर मंतर पर पुलिस बर्बरता के खिलाफ कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच में दायर की गई है। इनमें मांग की गई है कि देश भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को अनुमति देने और पुलिस बल प्रयोग पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- ‘शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार पूरी तरह से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत है। इसे छीना नहीं जा सकता। केवल इसलिए कि कहीं कोई आंदोलन हो रहा है, पुलिस की बर्बरता या अत्यधिक बल प्रयोग को सही नहीं ठहराया जा सकता। केवल आंदोलन होने का मतलब यह नहीं है कि लाठीचार्ज ही किया जाए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए आत्म-अनुशासित आचरण अनिवार्य है।’


**असामाजिक तत्वों से निपटने की हो व्यवस्था**

सुनवाई के दौरान जब एक वकील ने प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया, तो जस्टिस जयमाल्य बागची ने कहा: ‘चाहे आम नागरिक हो या पुलिसकर्मी, हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है।’ सीजेआई ने आगे कहा कि पूरे देश में एक समान प्रोटोकॉल की आवश्यकता है, जहां शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को पर्याप्त जगह मिले और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए उचित व्यवस्था हो।

**बिहार पुलिस की बर्बरता का मुद्दा भी उठा**

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता फौजिया शकील ने कोर्ट को बताया कि बिहार बंद के दौरान सीवान में सुरक्षा बलों द्वारा एके-47 ऑटोमैटिक राइफल तक का इस्तेमाल किया गया। हालांकि वहां से ताजा जानकारी आई है कि बिहार सरकार ने उस पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया है, जिसने प्रदर्शनकारियों पर एके 47 चलाई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने बिहार में छात्रों पर हुए पुलिसिया हमलों का मुद्दा उठाते हुए पूरे देश के लिए सख्त आदेश जारी करने की मांग की।

### सीआरपीएफ जांच में बड़ा खुलासा, छात्रों पर पैलेट गन से किया था 7 राउंड फायर



परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के विरोध में संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन के इस्तेमाल के मामले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच टीम ने उस रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान की पहचान कर ली है, जिसने प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन से फायरिंग की थी। जांच में सामने आया है कि संबंधित जवान ने कुल सात राउंड फायर किए थे। इनमें पांच राउंड प्रदर्शनकारियों को लगे, जबकि दो राउंड जमीन पर लगे। सभी फायरिंग कनॉट प्लेस क्षेत्र में हुई थी। अब जांच टीम यह भी पता लगा रही है कि किन परिस्थितियों में पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया और फायरिंग किन-किन स्थानों पर हुई।

## 14 करोड़ के मादक पदार्थ और सुपारी जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स ने राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर मिजोरम में चार अलग-अलग अभियानों में 14.2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और तस्करी की गई सुपारी जब्त की है। इस कार्रवाई में दो म्यांमा नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 24 से 26 जुलाई के बीच मिजोरम पुलिस, आबकारी एवं मादक पदार्थ विभाग, सहयोगी खुफिया एजेंसियों और सीमा शुल्क निवारक बल के समन्वय में चलाए गए इन अभियानों में हेरोइन और बड़ी मात्रा में तस्करी की गई सुपारी बरामद की गई। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ बरामदगी 24 जुलाई को साइरांग में हुई, जहां विशेष खुफिया सूचना के आधार पर असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 2.18 किलोग्राम मेथामफेटामीन की गोलियां बरामद कीं, जिनकी कीमत 6.57 करोड़ रुपये आंकी गई है। मेथामफेटामीन की गोलियां, जिन्हें ‘क्रेजी ड्रग’ भी कहा जाता है, भारत में प्रतिबंधित हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा दो वाहन और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये 130 आवेदकों के दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने के संबंध में।**

विज्ञापन क्र.1357 — **दावा आपत्ति सूचना** — दिनांक: 24/07/2026

अवर सचिव, छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 1389/1444/2025/18 दिनांक 13/03/2025 द्वारा उल्लेखित लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक हेतु जारी दिशा निर्देश के कंडिका क्र. 6.5.2 में उल्लेखित निकाय की संयुक्त समिति द्वारा परीक्षण उपरांत योजनांतर्गत पात्र पाये गये 130 आवेदकों की दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई सूचि में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 24/07/2026 से 30/07/2026 तक 05 दिवस के भीतर कार्यालीन समय में प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज के साथ आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

## भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला



**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय पर अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर एक पेट्रोल बम फेंका। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। संगरूर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दविंदर अत्री ने बताया, ‘बीयर की बोतल में पेट्रोल भरकर इमारत की बाहरी दीवार की ओर से फेंका गया था। दीवार पर जलने का निशान मिला है। हम इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करेंगे और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।’ पुलिस ने बताया कि नमूनों को एकत्र करने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है और पेट्रोल बम फेंकने वालों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।




**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
टी.पी. नगर जोन

फा.क्र./146/निर्माण (टी.पी. नगर) / 2026/ कोरबा, दिनांक 17/07/2026

**इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्थित स्वीमिंग पुल का संचालन हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना**

इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में स्थित स्वीमिंग पुल को वर्तमान स्थिति में स्वीमिंग पुल का नियमित रूप से रख-रखाव के साथ-साथ संचालन हेतु जन सामान्य / विभिन्न संस्थाओं / शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से निगम की निर्धारित किरायेदारी आबंटन भार्तों के तहत 03 वर्ष की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रू. 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) आफसेट मूल्य से अधिक उच्चतम वार्षिक किराया दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु इच्छुक संस्था/फर्म/व्यक्ति राशि रूपये 2,00,000/- (दो लाख रूपये) का रसीद की प्रतिलिपि संलग्न करते हुए दिनांक 06.08.2026 अपरांह 03:00 बजे तक निविदा ऑफर प्रस्तुत कर सकते है, निविदा उसी दिनांक को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष सायं 04:00 बजे खोली जावेगी।

निविदाकर्ता निविदा के 01 दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 05.08.2026 तक निविदा प्रपत्र राशि रू. 1,000/- (एक हजार रूपये) शुल्क जमा कर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त कर सकते है तथा सुरक्षा राशि रूपये 2,00,000/- (दो लाख रूपये) डी.डी./बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। स्वीमिंग पुल के 03 वर्ष की लीज पर आबंटन हेतु निर्धारित भर्ती का विवरण निगम की वेबसाईट www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा के परिवहन नगर जोन के निर्माण शाखा से ली जा सकती है।

नोट :-
1. संलग्न शर्ते किरायेदारी निविदा का भाग माना जावेगा।
2. सुरक्षा राशि जमा रसीद की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

## नहीं पहुंचा कोई सरकारी वकील, फास्ट ट्रैक कोर्ट में पहले दिन ही टली सुनवाई

*पीएम मोदी ने जल्द निर्णय के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठन की दी थी जानकारी*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक को रोकने के लिए सरकार का एक बड़ा वादा फास्ट ट्रैक कोर्ट का भी है। इस मामले की सुनवाई के लिए गठित किए गए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सोमवार को पहली सुनवाई होनी थी। हालांकि पहले ही दिन एक झटका लगा और सुनवाई 3 अगस्त तक के लिए टालनी पड़ गई। रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन की सुनवाई में ही सीबीआई के वकील पेश नहीं हुए। ऐसे में अदालत को अगली तारीख देनी पड़ी और सुनवाई टल गई। स्पेशल जज अनु ग्रोवर बलीगा की फास्ट ट्रैक कोर्ट को नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए बिकास बिवाल और दिनेश बिवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करनी थी। आरोपियों के वकील एपी सिंह थे जो कि कोर्ट में मौजूद थे। वहीं सीबीआई की तरफ से कोई वकील कोर्ट में नहीं पहुंचा। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इस मामले में तुरंत लोक अभियोजक की नियुक्ति की जाए।

**3 अगस्त को होगी अगली सुनवाई**

अब दिल्ली के राउज अवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई 3 अगस्त को होगी। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई में बाकायदा नियुक्त किया गया सरकारी वकील मौजूद होना चाहिए। हाल ही में पब्लिक एग्जीमिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनेफेयर मीन्स) ऐक्ट 2024 के तहत फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया गया है। इस अदालत में परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले सुने जाएंगे।

**13 आरोपी किए गए हैं गिरफ्तार**

आपको बता दें कि दिनेश और विकास बिवाल सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए 13 आरोपियों में शामिल हैं। उनपर नीट पेपर लीक होने के बाद इसे अभ्यर्थियों तक पहुंचाने में शामिल होने का आरोप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जुलाई को बताया था कि पेपर लीक से जुड़े मामलों पर जल्द निर्णय के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि सरकार के लिए युवाओं का हित ही प्राथमिक है।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)**
www.pmfby.gov.in
UNI : IRDAN126RP0001V01201617

‘‘किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना’’ — **खरीफ-2026** — फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी® (AIC) द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें — खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन
राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

**योजना की विशेषताएँ**

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 31 जुलाई 2026 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC)/ कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व-घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

**आधार अनिवार्य** — किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 31.07.2026 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

**आवरित जोखिम**

| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर | व्यक्तिगत खेत आधार पर |
|---|---|
| क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है। | क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलो में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना। |
| ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन। | ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिश और बेमौसमी बारिश से हानि होने की स्थिति में। |
| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नही बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है। | स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ। लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय। भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)। नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा। |




| खरीफ | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | 2% |
| 2. बैंक / प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति / लोक सेवा केन्द्र / ऑनलाईन पंजीकरण / बीमा अभिकर्ता / डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने / प्रीमियम जमा / खाते से प्रीमियम कटौती / बीमा कराने की अंतिम तिथि | 31/07/2026 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 31-07-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक / जिला सहकारी बैंक / प्राथमिक सहकारी समितियाँ / लोक सेवा केन्द्र (CSC) / भारत सरकार की बीमा पोर्टल / डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखे एवं उद्यानिकी / कृषि / राजस्व अधिकारी / बैंक / CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय / जिला / तहसील कार्यालय से संपर्क करें

शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए एआईसी की वेबसाइट https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।
HO/26-27/1A/12

भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स:0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

आधा दर्जन प्राइवेट कालेजों में 1200 सीटों पर होगा एडमिशन

# चिकित्सा शिक्षा विभाग कराएगा एमबीबीएस की 2666 सीटों पर प्रवेश की काउंसिलिंग, 259 सीटें अखिल भारतीय कोटे की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग इस बार राज्य के 19 शासकीय और निजी मेडिकल कालेज की 2666 सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग का आयोजन करेगा। राज्य के 15 सरकारी कालेजों में यूजी की 1725 सीट है जिसमें से 15 प्रतिशत यानी करीब 259 सीट ऑल इंडिया कोटे की है। आधा दर्जन प्रायवेट कालेज में प्रबंधन और स्टेट कोटे की 1200 सीटें हैं, जिसमें प्रवेश की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से पूरी होगी।

इस पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पांच नए कालेजों को मिलाकर एमबीबीएस की 345 सीटों का इजाफा हुआ है। वहीं निजी सेक्टर में 100 सीटों के नए कालेज के साथ यूजी की 250 सीटें बढ़ी हैं। नीट का परीक्षा परिणाम आने के बाद अब अभ्यर्थियों की नजर काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने पर टिकी हुई है जो संभवतः अगले माह यानी अगस्त में शुरू होने की संभावना है। नियम के मुताबिक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की कुल सीटों का 15 प्रतिशत अखिल भारतीय नियतांश (कोटा) का होता है, जिसमें प्रवेश की प्रक्रिया दिल्ली से पूरी होती है और शेष 85 फीसदी सीटों पर एडमिशन की काउंसिलिंग राज्य का चिकित्सा शिक्षा विभाग करता है। इस बार ज्यादा संख्या में छात्रों को मेडिकल पढ़ाई का मौका मिलेगा। इस बार छत्तीसगढ़ में निजी मेडिकल कालेज भी 5 से बढ़कर 6 हो गए हैं साथ ही प्रायवेट सेक्टर की एमबीबीएस सीट संख्या 250 बढ़कर कुल 1200 हो गई है। प्रायवेट कालेज की पचास फीसदी सीट राज्य कोटे और पचास प्रतिशत प्रबंधन और एनआरआई कोटे की होती है, हालांकि दोनों कोटे में एडमिशन की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से पूरी की जाती है।

## राज्य के 15 शासकीय मेडिकल कालेजों में हैं कुल 1725 यूजी की सीटें



### एनआरआई की सीटें प्रबंधन के खाते में

पिछले साल चिकित्सा शिक्षा विभाग ने चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए संशोधित नियम जारी किया था। इसमें निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे की सीट के दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद खाली रहने पर एडमिशन की प्रक्रिया प्रबंधन कोटे के माध्यम से पूरी की जाएगी। राज्य में इस बार अप्रवासी भारतीयों के लिए निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में करीब 180 सीटें होंगी। इसमें प्रवेश के नियम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

### दिल्ली से आएगी सीडी

नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों की जानकारी दिल्ली से सीडी के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा विभाग तक पहुंचेगी। सीडी लाने की प्रक्रिया गुप्त रूप से पूरी की जाती है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के कुछ अफसरों को दिल्ली भेजा जाता है जो बंद लिफाफे में सीडी लेकर आते हैं। इस सीडी के आधार पर राज्य का परिणाम और मेरिट लिस्ट सार्वजनिक की जाती है और अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए पंजीयन का मौका दिया जाता है।

# सोलर कृषि पंप लगाने दो साल से ज्यादा का इंतजार, 60 हजार आवेदन पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ नए सत्र में प्रदेश में 25 हजार पंप लगाने का केंद्र सरकार को भेजा गया प्रस्ताव

प्रदेश के किसी भी किसान को अब सोलर कृषि पंप लगाना है, तो उसके लिए दो साल से ज्यादा का इंतजार करना पड़ेगा। इस समय क्रेडा में 60 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग हैं। इन का निराकरण करने में ही दो साल से ज्यादा का समय लग जाएगा। ऐसे में कोई अगर आज आवेदन करेगा, तो उनका नंबर दो साल के बाद ही आएगा। क्रेडा ने केंद्र सरकार को पीएम कुसुम योजना में इस सत्र में 25 हजार सोलर कृषि पंप लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अब तक वहां से मंजूरी नहीं मिली है।

प्रदेश में किसान खेती के लिए कृषि पंप लगाने का काम करते हैं। ज्यादातर कृषि पंप तो बिजली से चलने वाले लगाए जाते हैं। लेकिन प्रदेश में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर बिजली की सुविधा न होने पर या किसानों के खेतों के पास बिजली के ट्रांसफार्मर और खंभे न होने के कारण कृषि पंप लगाने के लिए करीब दस साल पहले प्रदेश में भाजपा की रमन सरकार के समय सौर सुजला योजना राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर 2016 को प्रारंभ की गई थी। तब सौर सुजला योजना के माध्यम से सोलर कृषि पंप लगाने का काम किया गया। उसी समय प्रदेश में बहुत ज्यादा सोलर कृषि पंप लगाए गए। अब इस योजना को बंद कर दिया गया है।

### अब केंद्र सरकार की योजना में लगेंगे

अब किसानों को सोलर पंप केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के पास 25 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर पंप लगाए जाएंगे। इस योजना में भी किसानों को सब्सिडी मिलेगी। लेकिन अभी तय नहीं है कि इसमें सब्सिडी कितनी मिलेगी। राज्य सरकार की योजना में महज 10 से 20 हजार में पंप लग जाते थे। क्रेडा के अधिकारियों के मुताबिक अब तो सोलर पंप लगाने की लागत कम हो गई है। इस समय तीन एचपी के लिए करीब ढाई लाख और पांच एचपी के लिए तीन लाख दस हजार में लगते हैं। टेंडर के बाद यह लागत और कम हो सकती है।

### प्रस्ताव भेजा है

केंद्र सरकार को पीएम कुसुम योजना में प्रदेश में 25 हजार सोलर कृषि पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर इस सत्र में पंप लगाने का काम प्रारंभ होगा। वैसे भी अभी खेती-किसानी का समय है। धान की कटाई के बाद ही पंप लगाने का काम हो सकेगा।

**भूपेंद्र सवन्नी**, अध्यक्ष, क्रेडा

# ड्यूटी के दौरान आरक्षक ने हादसे में गंवाया एक पैर नहीं मिला मुआवजा, 5 वर्षों से वेतन मिलना भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में पदस्थ रहे एक आरक्षक पर ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में एक पैर गंवाने के बाद मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। कार की टक्कर से बुरी तरह घायल हुए आरक्षक की जान बचाने के लिए न केवल उसका एक पैर काटना पड़ा, बल्कि उसके पैर के कटने के बाद कार चालक के खिलाफ न ही एफआईआर हुई और न कोई मुआवजा मिला। यही नहीं, इस हादसे के बाद आरक्षक को पिछले 5 वर्षों से पुलिस विभाग से वेतन मिलना भी बंद हो गया है, जिसके कारण उसका परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है।

हरिभूमि से बातचीत करते हुए पीड़ित आरक्षक अशोक साहू ने बताया कि आरक्षक पद पर वे वर्ष 2008 में पदस्थ किए गए थे। बिलासपुर में डेढ़ साल की ट्रेनिंग के बाद सूरजपुर थाने में पोस्टिंग हुई थी। ढाई साल तक थाने में सेवा देने के बाद विभाग ने उसे पुलिस लाइन सूरजपुर में अटैच किया था। वर्ष 2019 के अगस्त माह में ड्यूटी के दौरान वह सूरजपुर से रायपुर आया था। काम खत्म करने के बाद जब वह लौटा, उसी समय एक कार चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसका एक पैर पूरी तरह से कुचल गया। उसकी जान बचाने के लिए डाक्टरों को पैर काटना पड़ा। इस हादसे के बाद उसकी पत्नी ने इस घटना की सूचना विभाग में दी तथा थाने में कार चालक के खिलाफ एफआईआर करने की शिकायत की।

**मुआवजा दिलाएंगे कहकर एफआईआर नहीं की**-आरक्षक अशोक ने बताया कि सूरजपुर थाने में कार चालक के खिलाफ एफआईआर कराना चाहा, तो उसे थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि 40 से 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि उसे विभाग के माध्यम से दिलाई जाएगी, इसलिए थाने में एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई।

### नौकरी और न ही वेतन

आरक्षक ने बताया कि इस हादसे के बाद कुछ महीनों तक उसे पुलिस विभाग से वेतन मिलता रहा, लेकिन वर्ष 2021 से अचानक खाते में वेतन आना बंद हो गया। उसे नौकरी से हटा दिया गया है या नहीं, इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है। उसने बताया कि हादसे के बाद से उसने विभाग में लिपिक का कार्य करने की इच्छा भी जताई है, लेकिन उसे इस पद पर रखा भी नहीं जा रहा है। उन्होंने बताया कि आखिर किन कारणों से उसका वेतन रोक दिया गया है तथा नौकरी पर नहीं रखा जा रहा है, इस संबंध में कोई भी अधिकारी जानकारी तक नहीं दे रहा है।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सेवानिवृत्त शिक्षक संघ का क्रमिक धरना शुरू

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक संघ ने लंबित पेंशन प्रकरणों और अन्य मांगों के निराकरण को लेकर सोमवार से विश्वविद्यालय परिसर में क्रमिक धरना शुरू कर दिया। धरने के पहले दिन संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात कर सात सूत्रीय मांगों पर चर्चा की।

संघ के अनुसार, बैठक में कुलपति ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में वह मांगों पर निर्णय लेने में असमर्थ हैं। उनका कहना था कि लेखा नियंत्रक उनके निर्देशों का पालन नहीं कर रही हैं। इस संबंध में उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त सचिव को शिकायत भी भेजी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने कुलपति को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विश्वविद्यालय के लगभग 38 से 40 सेवानिवृत्त प्रोफेसरों एवं वैज्ञानिकों के पेंशन प्रकरण एक से दो वर्षों से लंबित हैं। इसके साथ ही पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) का समय पर भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी न्यायोचित मांगों का निराकरण नहीं होगा, तब तक क्रमिक धरना और आंदोलन जारी रहेगा।

### मांगों के पूरा होने तक आंदोलन रहेगा जारी

संघ ने 65 वर्ष की आयु के आधार पर पात्र सेवानिवृत्त प्रोफेसरों और वैज्ञानिकों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी करने, लंबित पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान, पेंशन संबंधी आपत्तियों का निराकरण, ऑडिट के बाद स्वीकृत प्रकरणों में तत्काल पेंशन लाभ, न्यायालय एवं विश्वविद्यालय की अधिसूचनाओं के अनुरूप लंबित मामलों का निराकरण, पात्र सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र ऑडिट तथा सभी पेंशनरों को समय पर महंगाई राहत और लंबित एरियर का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा।


## इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**सूचना**

क्रमांक/स्था.-04/नस्ती क्र.-150/2026/1549 रायपुर, दिनांक : 27/07/2026

विश्वविद्यालय विज्ञापन क्रमांक/स्था.-04/150/2023/5017 दिनांक 04.10.2023 द्वारा विज्ञापित प्रयोगशाला तकनीशियन एवं प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी-दो पर पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों द्वारा अपलोड़ किये गये दस्तावेजों को मूल प्रति से मिलान हेतु दस्तावेज परीक्षण का कार्य दिनांक 05 एवं 06 अगस्त, 2026 को आयोजित है।

दस्तावेज परीक्षण हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों की सूची एवं विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in का अवलोकन करें।

संवाद-48565 कुलसचिव



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर
## जिला-बलरामपुर - रामानुजगंज (छ.ग.)

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 15.07.2026 निविदा सिस्टम नं. 195527 (प्रथम आमंत्रण) विज्ञापन क्र. 262702146 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| स.क्र. | विवरण | पूर्व प्रसारित | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1. | ANNEXURE -G. Item No 10 | ANNEXURE-G. Colum No 04 UNIT in CUM | ANNEXURE-G. Colum No 04 UNIT in M |
| 2 | ANNEXURE - 1. Item No 10 | ANNEXURE-1. Colum No 05 UNIT in CUM | ANNEXURE-1. Colum No 05 UNIT in M |

**निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।**

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग बलरामपुर,**
**जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**कृते - मुख्य अभियंता**
**हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग**
**अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

जी. 262702378/4


# स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, मीटर रीडरों ने भी खोला मोर्चा

■ विद्युत रीडरों ने भी डगनिया मुख्यालय में किया प्रदर्शन, पूर्व सीएम भूपेश बघेल हुए शामिल

**रायपुर।** स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने, लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़ फेंकने और बेतहाशा बढ़े बिजली बिलों को कम करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने राजीव गांधी चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। वहीं मीटर रीडरों ने भी इसे लेकर मोर्चा खोला। मीटर रीडरों के प्रदर्शन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी शामिल हुए। कांग्रेस ने पुराने बिजली मीटर को कुर्सी पर रखकर उसकी आरती उतारी और उसे पुनः स्थापित करने की प्रार्थना की गई। प्रदर्शन में आम नागरिक और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा, स्मार्ट मीटर ने हर वर्ग के व्यक्ति का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। जनता ने जिस सरकार को जनहित के लिए चुना था, वह आज अदानी और अपने स्वहित में काम कर रही है। बुलेट ट्रेन से भी तेज रफ्तार से चलने वाले यह स्मार्ट मीटर देर-सबेर बिजली कंपनियों के निजीकरण का ही एक नमूना हैं। स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगे और बढ़े हुए बिलों की जांच कर जनता को राहत दी जाए। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा, भाजपा शासित राजस्थान और उत्तर प्रदेश की जनता पहले ही स्मार्ट मीटरों को उखाड़ चुकी है। छत्तीसगढ़ के कवर्धा से भी इसकी शुरुआत हो चुकी है और अब राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में जनता व कांग्रेसजन इस जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर को उखाड़ फेंकेंगे।

### सरकारी महापुरुष अभिनंदन के नाम पर लूट : ढेबर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा, एक तरफ विष्णुदेव साय सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1,000 दे रही है, तो दूसरी तरफ 'सरकारी महापुरुष अभिनंदन' और स्मार्ट मीटर के नाम पर हर घर से 5,000 की वसूली कर रही है। कांग्रेस शासनकाल की जनहितकारी योजनाओं को बंद करके यह सरकार हर घर को लूटने में लगी है। इस संगठित लूट को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में मीटर रीडरों का प्रदर्शन

वहीं दूसरी ओर डगनियां विद्युत मंडल मुख्यालय में मीटर रीडरों ने स्मार्ट मीटर के कारण उनकी नौकरी जाने करे लेकर प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर के डगनियां विद्युत मंडल मुख्यालय में मीटर रीडरों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे मीटर रीडरों ने कहा, स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटर रीडिंग का काम खत्म हो जाएगा, जिससे उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने से पहले मीटर रीडरों के भविष्य और रोजगार को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा, वे लंबे समय से बिजली उपभोक्ताओं के मीटर की रीडिंग का काम कर रहे हैं, ऐसे में स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद उनके रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।


## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

निविदा सूचना / 568/ सत्कार/2026 रायपुर दिनांक 24/7/2026

**तृतीय निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, पेंशनबाड़ा रायपुर (छ.ग.) कार्यालय में चाय, स्वल्पाहार एवं भोजन की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / संस्थाओं के इम्पैनलमेंट हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 03.08.2026 को समय 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी मण्डल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है, जो दिनांक 03.08.2026 दोपहर 02:00 बजे तक जमा किये जा सकते है। निविदा के साथ सुरक्षा निधि रूपये 30,000/- (तीस हजार रूपये मात्र) एवं आवेदन फॉर्म के 1,000.00 (एक हजार रूपये मात्र) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक जो सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

**सचिव**
**छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर**

संवाद- 48564



## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग,
## बिलासपुर जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

**eProcurement Portal:**
**https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

**निविदा सूचना क्र.05/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 24.07.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 14.08.2026, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम:- पचरीघाट बैराज के डाऊन स्ट्रीम के बांयी तट पर आर.डी. 1050 मी. से 1450 मी. के मध्य प्रोटेक्शन वॉल एवं 02 नग आर.सी.सी. बैरल का निर्माण कार्य।**

**निविदा सिस्टम क्र. 196044,**
**अनुमानित लागत रू. 450.41 लाख (जी.एस.टी. छोडकर)**
**(एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 31.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट:** 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https:// eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं। 2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है। 3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. छोडकर निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंता**
**खारंग जल संसाधन संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

जी. 262702370/3



## कार्यालय बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)

**संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

क्रमांक/BDKAB/नो.अधि./संविदानियुक्ति/2026-27
बिलामपुर दिनांक 24/07/26

संचालक विमानन संचालनालय मंत्रालय नया रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक ESTB-101(2)/92/2025/DOA/994 दिनांक 25/11/2025 के द्वारा स्वीकृत पद पर संविदा नियुक्ति: हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे पद का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद का नाम | विशेष संविदा वेतन | वेतमान | पद संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Accountant | 23350.00 | वे.मे.ले.- 06 | 01 (अनारक्षित) |

उपरोक्त पद के लिये शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं विस्तृत जानकारी शासन के वेबसाइट https://bilaspur.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन-पत्र दिनांक 10/08/2026 को शाम 5:00 बजे तक नोडल अधिकारीए बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट चकरभाठा, बिलासपुर छ.ग. पिन कोड 495220 के पते पर केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

**नोडल अधिकारी**
**बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट**
**चकरभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)**

जी-262702376/1



## राशिफल


मेष
किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


वृष
व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


मिथुन
आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


कर्क
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।


सिंह
आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।


कन्या
मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।


तुला
आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


वृश्चिक
आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


धनु
आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।


मकर
माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।


कुंभ
अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।


मीन
शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


# संत रविदास जयंती के लिए पवित्र माटी व जल लाने भाजपा का प्रतिनिधिमंडल वाराणसी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित देशव्यापी सामाजिक समरसता अभियान के अंतर्गत सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर से एक प्रतिनिधिमंडल वाराणसी के लिए रवाना हुआ। यह प्रतिनिधिमंडल संत रविदास की जन्मस्थली से पवित्र माटी एवं जल लेकर लौटेगा।

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने बताया, इस पवित्र माटी एवं जल अभियान के प्रभारी डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल रवाना हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. खिलावन साहू, ध्रुव प्रसाद मिर्धा, हरिनाथ खुंटे, चंद्र प्रकाश सूर्या, खेमराज बाकरे, मोनू वर्मा, महंत खेलूराम पैगवार, ओमेश्वर जीभेकार, मोरध्वज गिलहरे, गुलशन सुमन, राजकुमार जायसवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। रवि दास जयंती पर पूरे देश में कलश यात्राएं निकाली जाएगीं और व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। छात्रावासों और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में जाकर गुरु रविदास के जीवन दर्शन और विचारों को पहुंचाया जाएगा। यह अभियान अगले वर्ष की माघ पूर्णिमा संत रविदास जयंती तक निरंतर चलाया जाएगा।

## शब्द पहेली - 6300



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले-3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम-4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6299 का हल



## सूडोकु नवताल - 6310

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6309 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### रुपया 61 पैसे मजबूत, 95.92 प्रति डॉलर पर




**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान के बीच तनाव घटने से सोमवार को रुपया 61 पैसे की मजबूत बढ़त के साथ 95.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी रुपये को सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.18 पर खुला और सत्र में 96.27 के निचले एवं 95.78 के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 95.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। इस तरह पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपये में 61 पैसे की मजबूती रही।

### यूरेका फोर्ब्स 2030 तक राजस्व दोगुना करेगा



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं स्वच्छता उत्पाद क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले 2029-30 तक अपने राजस्व को दोगुना करके 5,400-5,600 करोड़ रुपये करने का है। इसके साथ ही कंपनी ने ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय (एबिटा) को तिगुना करके 800-850 करोड़ रुपये करने का इरादा जताया है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यूरेका फोर्ब्स ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 के बाद से वृद्धि को गति देने के लिए नवाचार और बाजार पैठ बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि यह वृद्धि आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी, जिसमें वित्त वर्ष 2026-27 के बाद से सार्थक तेजी आएगी।''

### हुडको का मुनाफा 35% बढ़कर 851 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) ने जून, 2026 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 851 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है, जो सालाना आधार पर 35 प्रतिशत अधिक है। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 630 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। हुडको ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 3,737 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 2,945 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी ने 3,710 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जो पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 2,925 करोड़ रुपये थी।

### एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स का आईपीओ गुरुवार को खुलेगा




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी कंपनी एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स ने सोमवार को अपने 290 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 400-425 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। क 'पनी ने बताया कि मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर सूचीबद्ध होने के बाद उसका बाजार मूल्यांकन करीब 1,160 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। कंपनी का सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह नए शेयरों की बिक्री पर आधारित होगा और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई हिस्सा नहीं होगा। यह आईपीओ 30 जुलाई को अभिदान के लिए खुलेगा और तीन अगस्त को बंद होगा।

# आल्टमैन ने डिलीट किया टिकटॉक, लग गई थी शार्ट वीडियो प्लेटफार्म की लत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपन एआई के सीईओ साम आल्टमैन ने खुलासा किया है कि उन्होंने टिकटॉक को अपने फोन से डिलीट कर दिया, क्योंकि रिसर्च के दौरान उन्हें इस शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म की लत लग गई थी। आल्टमैन ने बताया कि वह ओपन एआई के एआई वीडियो जनरेशन ऐप सोरा पर काम कर रहे थे।

इसी दौरान उन्होंने यह समझने के लिए टिकटॉक इस्तेमाल करना शुरू किया कि आखिर यह प्लेटफॉर्म लोगों को घंटों तक कैसे बांधे रखता है। हालांकि कुछ समय बाद उन्हें महसूस हुआ कि इसका इस्तेमाल उनकी आदत बनता जा रहा है, जिसके बाद उन्होंने ऐप हटाने का फैसला किया।

### शॉर्ट वीडियो इतना क्यों आकर्षित करते हैं

*साम आल्टमैन ने यह खुलासा हाउ टू स्टार्ट ए स्टार्टअप पॉडकास्ट के नए एपिसोड में किया। उन्होंने बताया कि पहले वह टिकटॉक का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करते थे, लेकिन सोरा ऐप तैयार करते समय उन्होंने जानबूझकर इस प्लेटफॉर्म का उपयोग शुरू किया। उनका मकसद यह समझना था कि लगातार चलने वाले शॉर्ट वीडियो यूजर्स को इतना आकर्षित क्यों करते हैं और ओपनएआई ऐसा कोई प्रोडक्ट न बनाए जो लोगों में उसी तरह की लत पैदा करे।*

**फोन के सभी नोटिफिकेशन ऑफ करने की आ गई नौबत**




साम एआई वीडियो जनरेशन ऐप सोरा पर काम कर रहे थे

### 10 मिनट से तीन घंटे तक पहुंच गया स्क्रीन टाइम

*आल्टमैन ने कहा कि शुरुआत में उन्हें लगा था कि वह सोने से पहले सिर्फ 10 मिनट के लिए टिकटॉक देखेंगे। लेकिन धीरे-धीरे यह समय एक घंटे तक पहुंच गया और कई बार इससे भी ज्यादा हो गया। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक शनिवार की दोपहर वह लगभग तीन घंटे तक लगातार टिकटॉक स्क्रॉल करते रहे। बाद में जब उन्हें एहसास हुआ कि इतना समय बीत चुका है, तब उन्हें लगा कि यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें ऐप इस्तेमाल करने में मजा आ रहा था, लेकिन साथ ही यह भी महसूस हो रहा था कि यह उनके लिए नुकसानदायक है।*

### एआई हार्डवेयर को लेकर भी कही बड़ी बात

*पॉडकास्ट के दौरान साम आल्टमैन ने ओपनएआई के आने वाले एआई आधारित हार्डवेयर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कंपनी ऐसे डिवाइस तैयार कर रही है जो बेहद उपयोगी, सशक्त बनाने वाले और लोगों के लिए मददगार होंगे। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि किसी भी नई तकनीक की तरह कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं और ऐसे तरीके भी सामने आ सकते हैं, जिनकी अभी कल्पना करना मुश्किल है।*

### आखिरकार डिलीट कर दिया टिकटॉक

*साम आल्टमैन ने बताया कि बाद में उन्होंने अपनी स्क्रीन टाइम घटाकर रात में सिर्फ पांच से दस मिनट कर दी थी। इसके बावजूद उन्होंने अंत में टिकटॉक को पूरी तरह डिलीट करने का फैसला किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपने फोन की लगभग सभी नोटिफिकेशन बंद कर दी हैं, जिनमें मैसेजिंग ऐप्स की नोटिफिकेशन भी शामिल हैं। उनके मुताबिक यह फैसला उनकी जिंदगी के लिए एक बड़ा सकारात्मक बदलाव साबित हुआ।*

## भारतीय स्टेट बैंक की शोध रिपोर्ट इकोरैप ने जताया अनुमान

# आरबीआई की रियायती अदला-बदली सुविधा से मिल सकता है 85 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रियायती अदला-बदली सुविधा योजना के तहत भारत में 80 से 85 अरब डॉलर तक का निवेश आ सकता है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' के मुताबिक, 17 जुलाई तक इस योजना के तहत आए कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा का योगदान 17.40 अरब डॉलर रहा।

### डॉलर के मजबूत होने से सकारात्मक राहत

वहीं, विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) से 1.34 अरब डॉलर आए। रिपोर्ट के अनुसार, 17 जुलाई तक करीब 20 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह आरबीआई के आंकड़ों में दर्ज हुआ है। यह मुख्य रूप से 17.4 अरब डॉलर के मजबूत एफसीएनआर (बी) जमा के कारण सकारात्मक राहत है।

**इस योजना के तहत 17 जुलाई तक 17.40 अरब डॉलर जमा**

### विदेशी मुद्रा की तरलता बने रहने किए थे उपाय

*एफसीएनआर (बी) जमा के लिए यह सुविधा 30 सितंबर, 2026 तक और विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) तथा बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगी। आरबीआई ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच देश की बाहरी क्षेत्र की स्थिति मजबूत करने और विदेशी मुद्रा तरलता को समर्थन देने के लिए ये उपाय किए थे।*

### पीएसयू बैंकों की प्रमुख भूमिका

*इस प्रवाह को बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और विदेशी पूंजी के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को अदला-बदली यानी स्वैप सुविधा शुरू की थी। यह सुविधा आठ जून, 2026 से प्रभावी हुई।*

- वहीं, विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर रही
- बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) से 1.34 अरब डॉलर आए




### ओएफसीबी-ईसीबी को शामिल करने पर राशि बढ़ेगी

रिपोर्ट कहती है, ''हमारा अनुमान है कि इस योजना के तहत कुल 65-70 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा प्राप्त होंगे। इसके अलावा ओएफसीबी और ईसीबी को शामिल करने पर यह राशि 80-85 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।'' रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि 17 जुलाई तक 17.4 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा जुटाया जा चुका है।

### वर्ष 2026-27 तक 150 अरब डॉलर को पार कर जाएगा

*रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई के इन उपायों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में पूंजी खाते में अतिरिक्त 75 से 85 अरब डॉलर आएंगे और विदेशों से आने वाला धन (प्रेषण) 150 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।*

### रुपए ने शुरुआत में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी

*एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई के उपायों की घोषणा के बाद रुपये ने शुरुआत में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की उम्मीद कमजोर पड़ने, ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के सतर्क रुख के कारण इसका असर जल्द समाप्त हो गया।*

# दो वर्षीय बच्चे की सांस फूलने की दुर्लभ बीमारी की इट्सा में सफल सर्जरी





**रायपुर।** घर में मामूली चोट लगने के बाद दो वर्षीय बच्चे को अचानक सांस लेने में गंभीर तकलीफ हुई। शुरुआती जांच में इसे टेंशन न्यूमोथोरैक्स मानकर उपचार किया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर बच्चे को वेंटिलेटर सपोर्ट के साथ इट्सा हॉस्पिटल्स, रायपुर रेफर किया गया। यहां विशेषज्ञों की टीम ने जांच के दौरान दुर्लभ जन्मजात बीमारी कंजेनिटल डायफ्रामैटिक हर्निया की पहचान कर सफल सर्जरी कर बच्चे की जान बचा ली। इट्सा हॉस्पिटल्स में डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजिस्ट एवं पीडियाट्रिशियन डॉ. सचिन पिटलवार तथा पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट डॉ. स्वास्ति केशरी ने बच्चे की स्थिति स्थिर की। एक्स-रे और विस्तृत रेडियोलॉजिकल जांच में डॉ. देवव्रत दुबे ने पुष्टि की कि डायफ्राम में जन्मजात छेद होने के कारण पेट के कई अंग छाती में पहुंच गए थे। यह बीमारी सामान्यतः जन्म के समय ही सामने आ जाती है, लेकिन दो वर्ष की आयु में इसका पता चलना अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। इसके बाद पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. तन्मय मोतीवाला ने सफल ऑपरेशन कर पेट, छोटी और बड़ी आंत के हिस्से तथा प्लीहा को वापस पेट में स्थापित किया और डायफ्राम की मरम्मत की। एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर की जिम्मेदारी डॉ. एम.डी. असरार सिद्दीकी ने संभाली। सर्जरी के बाद बच्चे को पीडियाट्रिक आईसीयू में विशेष निगरानी में रखा गया। कुछ दिनों बाद उसे वेंटिलेटर से हटा दिया गया और अब वह पूरी तरह स्वस्थ होकर फॉलो-अप पर है।

### लक्षण दिखते ही चिकित्क से परामर्श लें

डॉ. तन्मय मोतीवाला ने कहा कि ऐसे मामलों में समय पर सही पहचान, विशेषज्ञ सर्जरी और विभिन्न विभागों के समन्वित उपचार से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। विशेषज्ञों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों में सांस लेने में तकलीफ, बार-बार उल्टी, पेट फूलना या चोट के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें।

# अमेरिका और ईरान के हमले रुकने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका और ईरान द्वारा लगातार दूसरे दिन भी फारस की खाड़ी में कोई सैन्य हमला न किए जाने के बाद कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में रविवार को गिरावट दर्ज की गई और पिछले सप्ताह बने दो महीने के उच्चतम स्तर से तेल के दाम और नीचे आ गए। सितंबर की आपूर्ति वाले ब्रेंट क्रूड की कीमत शुरुआती कारोबार में 4.9 प्रतिशत गिरकर 92.02 डॉलर प्रति बैरल रह गई। इससे पहले शुक्रवार को भी इसमें 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। पिछले सप्ताह ब्रेंट क्रूड की कीमत कुछ समय के लिए 102 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी।

यह महीने की शुरुआत की तुलना में लगभग 30 डॉलर अधिक थी और मई के बाद का सबसे ऊंचा स्तर था। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और व्यापक युद्ध की आशंका के कारण तेल की कीमतों में इस महीने उछाल आया। निवेशकों को चिंता थी कि यदि संघर्ष और बढ़ा, तो वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति और प्रभावित हो सकती है।

अमेरिका और इजराइल की ओर से फरवरी के अंत में ईरान पर किए गए हमलों के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की सुरक्षित आवाजाही तेल बाजार की सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। तेल उत्पादक देशों ने वैकल्पिक मार्ग तलाशने शुरू किए हैं, लेकिन उन पर भी दबाव बढ़ रहा है।

**बेंट क्रूड 4.9 प्रतिशत गिरकर 92.02 डॉलर प्रति बैरल**



### तेल की उपलब्धता कम होने पर बढ़ती हैं कीमतें

*पिछले सप्ताह लाल सागर के रास्ते जा रहे सऊदी अरब के तेल टैंकरों पर भी हमले हुए। जब बाजार में तेल की उपलब्धता कम होती है, तो उसकी कीमत बढ़ती है और साथ ही पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों के दाम भी बढ़ जाते हैं। मोटर क्लब 'एएए' के अनुसार अमेरिका में रविवार को साधारण तेल की औसत कीमत 4.11 डॉलर प्रति गैलन रही, जो एक महीने पहले 3.90 डॉलर और एक वर्ष पहले 3.15 डॉलर प्रति गैलन थी।*

### ऊंची कीमतों से सामान हो सकते हैं महंगे

*यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो दुनिया भर में ट्रक, जहाज और हवाई मार्ग से भेजे जाने वाले लगभग सभी सामान महंगे हो सकते हैं।*

# सोना 2,440 रुपए चढ़ा चांदी 5,300 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों के मजबूती के रुख के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 2,440 रुपये बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 5,300 रुपये के उछाल के साथ 2.3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,440 बढ़कर 1,49,640 प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई।



सोना बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम
चांदी उछलकर 2.3 लाख रुपए प्रति किलो

पिछले सत्र में यह 1,47,200 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें भी शुक्रवार के बंद स्तर 2,24,700 प्रति किलोग्राम से 5,300 रुपये बढ़कर 2,30,000 प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गईं। जिससे लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद दोनों कीमती धातुओं में तेजी आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने में तेजी आई क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई, जिससे महंगाई की चिंता कम हुई।

# टाटा समूह का बीते वित्त वर्ष प्रदर्शन रहा बेहतर

## समूह का राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपए रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि टाटा समूह का वित्तीय प्रदर्शन बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत रहा है। समूह का कुल राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 51.9 प्रतिशत बढ़कर 1,70,525 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। चंद्रशेखरन ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में शेयरधारकों को संबोधित करते कहा कि वर्ष 2025-26 वैश्विक संघर्षों और वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) में अभूतपूर्व निवेश का साल रहा। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद टाटा समूह ने वित्तीय मोर्चे पर मजबूत प्रदर्शन किया। चंद्रशेखर ने बताया कि टाटा संस का राजस्व बीते वित्त वर्ष 9.1 प्रतिशत बढ़कर 42,367 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 21.8 प्रतिशत बढ़कर 31,961 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 1,10,717 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। चेयरमैन ने कहा, ''एकीकृत स्तर पर वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा समूह का राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि शुद्ध लाभ 51.9 प्रतिशत बढ़कर 1,70,525 करोड़ रुपये हो गया।'' वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा समूह का राजस्व वित्त वर्ष 2019-20 की तुलना में 2.1 गुना और लाभ 5.4 गुना हो गया है।

**टाटा संस के चेयरमैन ने पेश की वार्षिक रिपोर्ट**




### जगुआर का उत्पाद सामान्य स्तर पर लौटा

चंद्रशेखरन ने कहा कि समूह के सभी कारोबार क्षेत्रों ने राजस्व और मुनाफे दोनों के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि, समूह की ब्रिटिश लक्जरी कार विनिर्माता जगुआर लैंड रोवर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में साइबर हमले का सामना करना पड़ा, जिसके कारण करीब पांच सप्ताह तक उत्पादन प्रभावित रहा। हालांकि, चौथी तिमाही तक कंपनी का उत्पादन लगभग सामान्य स्तर पर लौट आया।

### नए कारोबार की प्रगति का उल्लेख

*चंद्रशेखरन ने टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा डिजिटल, एयर इंडिया और एग्राटस जैसे नए कारोबार की प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि टाटा समूह दीर्घकालीन निवेश पर भरोसा करता है और आज जिन संस्थानों की नींव रखी जा रही है, वे भविष्य में देश के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।*

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने 12 फीसदी मोबाइल का किया विनिर्माण

*कंपनी का परिचालन लाभ, खर्च के स्तर पर पहुंच चुका है। वर्ष 2025 में दुनिया की अग्रणी स्मार्टफोन कंपनी द्वारा विनिर्मित कुल मोबाइल फोन के लगभग 12 प्रतिशत का विनिर्माण टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया। चंद्रशेखरन ने कहा कि सेमीकंडक्टर आज के दौर का नया इस्पात हैं। मोबाइल फोन, वाहन, विमान, अस्पताल, बिजली ग्रिड और एआई प्रणाली सभी चिप पर निर्भर हैं।*

## बैंक ने साइबर घटना की पुष्टि करते हुए फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी

# बैंक ऑफ बडौदा के ग्राहकों का डेटा लीक, कोर बैंकिंग सिस्टम सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़ी एक साइबर घटना सामने आई है। दावा किया जा रहा है कि ग्राहकों का डेटा और कुछ अंदरूनी दस्तावेज डार्क वेब पर लीक हुए हैं। बैंक ने इस मामले में साइबर घटना की पुष्टि करते हुए फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

बैंक के मुताबिक एक कर्मचारी के ईमेल अकाउंट से छेड़छाड़ की गई जिसकी वजह से कुछ डेटा तक बिना अनुमति के पहुंच बनाई गई। बैंक का कहना है कि घटना का समय रहते पता चल गया और तुरंत जरूरी कदम उठाए गए। बैंक ने साफ किया है कि उसका कोर बैंकिंग सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित है और उसमें किसी तरह की सेंध नहीं लगी है।

**रिपोर्ट में इसका आकार 1टीबी बताया जा रहा है**

### शोधकर्ता का दावा?

साइबर शोधकर्ता श्रीकांत एल का दावा है कि लीक हुए डेटा में ग्राहकों की जानकारी, पहचान से जुड़े दस्तावेज, लोन से जुड़े कागजात और बैंक के अंदरूनी ऑडिट रिकॉर्ड शामिल हैं। उनके मुताबिक यह डेटा पहली बार 25 जुलाई को डार्क वेब मॉनिटरिंग वेबसाइट **ransomware.live** पर देखा गया था।




### जांच कराई जा रही

*बैंक ने यह भी कहा कि मामले की विस्तृत फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है और नियमों के तहत संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। साथ ही ग्राहकों और भागीदारों की जानकारी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता दोहराई गई है।*

### आरबीआई और सर्ट-इन की प्रतिक्रिया

*इस मामले पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सर्ट-इन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंक फॉरेंसिक ऑडिट करा रहा है। वहीं अब तक बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को किसी डेटा सेंधमारी की अलग से सूचना नहीं दी है। इस मामले में बैंक और साइबर शोधकर्ता के दावों में अंतर है। बैंक का कहना है कि मामला केवल एक कर्मचारी के ईमेल अकाउंट तक सीमित है और कोर बैंकिंग सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित है। वहीं एक्सपर्ट का दावा है कि बड़ी मात्रा में ग्राहकों का डेटा और बैंक के अंदरूनी दस्तावेज लीक हुए हैं।*

### कितना बड़ा है डेटा लीक?

*डेटा लीक के आकार को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। जिस वेबसाइट पर यह डेटा दिखा वहां इसे 700 जीबी से ज्यादा बताया गया है। वहीं कुछ भारतीय मीडिया रिपोर्ट में इसका आकार करीब 1टीबी बताया गया है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि इस घटना से कितने ग्राहक प्रभावित हुए हैं। अब तक किसी भी साइबर अपराधी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि साइबर शोधकर्ता का अनुमान है कि इसके पीछे ट्रिपलएक्स नाम का एक नया हैकिंग समूह हो सकता है।*

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 776 अंक चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से जारी गिरावट सोमवार को थम गयी। पश्चिम एशिया संकट कम होने के साथ कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बीएसई सेंसेक्स में 776 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 776.01 अंक बढ़त के साथ 76,835.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 841.74 अंक चढ़कर 76,901.51 अंक तक चला गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 228.50 अंक की तेजी के साथ 23,995.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा।

**निवेशकों की संपत्ति 5.10 लाख करोड़ रुपए बढ़ी**




### विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली

*शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,892.77 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग के अनुसार, ''लगातार पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को मजबूती के साथ वापसी की।*

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग की बेटी ने कॉमनवेल्थ ...

द्वारा हासिल की गई यह सफलता केवल एक खिलाड़ी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प का सम्मान है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की नई प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि प्रतिभा को समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का साथ मिले तो वैश्विक मंच पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने, खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर सुविधाएँ और प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार का उद्देश्य ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां छत्तीसगढ़ के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्ञानेश्वरी यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आने वाले समय में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करती रहेंगी तथा प्रदेश के युवाओं के लिए नई प्रेरणा बनेंगी।

### ज्ञानेश्वरी ने 53...

अवसर मिला। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा वजन श्रेणियों के पुनर्गठन के बाद उनकी प्रगति और तेज हो गई और छत्तीसगढ़ की इस भारोत्तोलक ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में खुद को जल्दी ढाल लिया। उन्होंने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में प्रभावित किया और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में लगातार अपने कुल वजन में सुधार किया। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से पहले,वह क्वालिफिकेशन टोटल के आधार पर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में योग्य राष्ट्रमंडल भारोत्तोलकों में नंबर 1 रैंक पर थीं, जिससे वह भारत की सबसे मजबूत पदक उम्मीदों में से एक बन गईं। वर्तमान में वह पटियाला स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में राष्ट्रीय कोचिंग कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रही हैं।

### संसद में गतिरोध टूटा...

राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने या अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों को कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल तक के कारावास तथा 50 लाख रुपए तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन से संबंधित इस विधेयक में संगठित अपराधों के लिए कम से कम सात साल के कारावास और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रस्ताव है। बिरला ने सोमवार को सदन की कार्यवाही के दौरान सभी दलों से इस विधेयक पर चर्चा शुरू कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह हमारे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य, उनकी मेहनत और उनकी आकांक्षाओं से जुड़ा अत्यधिक महत्वपूर्ण विधेयक है। यह विधेयक प्रश्नपत्र लीक जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर दंड प्रावधान कर करोड़ों युवाओं के हितों की रक्षा की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने सत्तापक्ष और विपक्ष को तीन घंटे का समय देते हुए कहा कि शाम को पांच बजे तक सरकार और सभी दल मिलकर सहमति बनाएं, ताकि पांच बजे इस विधेयक पर चर्चा शुरू हो सके। बिरला ने कहा कि वह इस विधेयक पर चर्चा के लिए छह घंटे का समय देने के लिए तैयार हैं तथा सदस्य चाहें तो और भी अधिक समय बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, आज सदन में इस विधेयक पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी और कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सूत्रों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ने विभिन्न राजनीतिक दलों के सदनों के नेताओं से बातचीत की और परिणामस्वरूप सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मंगलवार को विधेयक पर विस्तृत चर्चा कराने को लेकर सहमति बनी।

चर्चा पर कांग्रेस का क्या रुख?

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस भी इस चर्चा में हिस्सा लेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस विधेयक पर कांग्रेस का पक्ष रख सकते हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी वाड्रा के भी चर्चा में भाग लेने की संभावना जताई जा रही है। यह विधेयक सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और अन्य अनुचित गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के उद्देश्य से लाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति बनने से अब सदन में इस महत्वपूर्ण विधेयक पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है।

### महिला आयोग में...

चुनौती दी जा सकती है। महिला आयोग की ममता साहू को नया अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने आयोग के दफ्तर में आज कुछ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पूर्व अध्यक्ष किरणमयी नायक के कार्यकाल के अंतिम दो-तीन माह के कार्यकाल में कई मामलों को रफा-दफा करने का काम किया गया है। ऐसे में इन मामलों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी।

### सीजी कर्मचारी चयन...

बार संबंधित समूह में शामिल किया गया है। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी और अनुरेखक पद की पात्रता एवं परीक्षा व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था के अनुरूप आगामी भर्ती परीक्षाओं में संशोधित पात्रता और परीक्षा प्रणाली लागू होगी। **अनुरेखक पद की योग्यता में बदलावः** समूह-6 के अनुरेखक पद के लिए भी नई शैक्षणिक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। अब ड्राइंग विषय के साथ 10+2, हायर सेकेंडरी (तकनीकी), सर्वेयर का व्यावसायिक शिक्षुता प्रमाणपत्र अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से मानचित्रकला (ड्राफ्ट्समैनशिप) का प्रमाणपत्र रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इस पद पर भी भाग-'अ' (कॉमन) और भाग-'ब' (संकाय विशिष्ट) परीक्षा होगी। **सीजी व्यापमं की जगह बना कर्मचारी चयन मंडलः** हाल ही में छत्तीसगढ़ में सरकारी भर्ती व्यवस्था में बड़ा संस्थागत बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल का गठन किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापमं) का इस नए मंडल में विलय कर दिया गया है। इसका उद्देश्य तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और एकीकृत बनाना है। **क्यों पड़ी नए मंडल की जरूरत?**: वर्ष 2005 से सीजी व्यापमं विभिन्न विभागों की भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता था। समय के साथ अलग-अलग विभागों द्वारा अलग-अलग नियमों और प्रक्रियाओं से भर्ती होने के कारण परीक्षा कैलेंडर, चयन प्रक्रिया और परिणामों में असमानता की स्थिति बनती रही। इन समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक, 2026 पारित कर नया वैधानिक निकाय गठित किया।

### दोगुनी से ज्यादा...

महंगा दाम वसूला जा रहा है। जानकारी के अनुसार एक बोरी यूरिया का दाम 266 रुपए निर्धारित है, जिसे दुकानदार 600 रुपए में बेच रहे हैं। डीएपी का दाम 1350 रुपए है, जिसे 1850 रुपए में बेचा जा रहा है। पहले से खेती की लागत बढ़ी हुई है, ऐसे में खाद में महंगाई किसानों की कमर तोड़ रही है। किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों में कम मात्रा में खाद दिया जा रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए उन्हें मार्केट से खाद लेना पड़ रहा है।

### 700 रुपए महंगे...

कीमत से ज्यादा दाम वसूलने और स्टॉक रजिस्टर में गड़बड़ी मिलने पर दुकानदारों पर थाने में मामले दर्ज किए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले कई विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित या रद्द किए जा रहे हैं। बस्तर जिले के कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जिले के 28 खाद दुकानों पर खाद बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही 9 दुकानों से खाद जब्त कर मामले को कलेक्टर न्यायालय में पेश किया गया है। इसके अलावा 3 दुकानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए गए और 3 दुकानों के लायसेंस निरस्त किए गए हैं।

### सोसायटी और बाजार...

खाद लेकर खेती करते हैं और बाद में धान उपार्जन के दौरान समिति में धान बेचने पर खाद की राशि उनके भुगतान से समायोजित कर ली जाती है। इससे किसानों को तत्काल नकद भुगतान नहीं करना पड़ता। वहीं कई किसानों का आरोप है कि निजी कृषि सेवा केंद्रों से उर्वरक खरीदने के दौरान उन्हें केवल खाद नहीं दी जाती, बल्कि दुकानदार द्वारा विभिन्न प्रकार की कीटनाशक और अन्य कृषि दवाइयां भी साथ में खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। किसानों का दावा है कि जब तक वे दुकानदार द्वारा बताए गए अतिरिक्त उत्पाद नहीं खरीदते, तब तक उन्हें उर्वरक देने से मना कर दिया जाता है। यदि ऐसा हो रहा है, तो यह किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है।

### दोगुने दाम पर...

फैक्टरी सील कर संचालक वरुण त्रिपाठी पर एफआईआर दर्ज करवाई गई। मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र पाटन के संचालक रूपेश कश्यप और मेसर्स ऋषभराज फर्टिलाइजर कुम्हारी के विरुद्ध कीटनाशक की जब्ती कर संबंधित थाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। **इस तरह दोगुने दाम पर बेचे जा रहे हैं खाद-**

पाटन के एक कृषि केंद्र में एनपीके के दाम 2000 रुपए और यूरिया 500 प्रति बोरी बताया गया, जबकि यूरिया के सरकारी दाम प्रति बोरी 266 रुपए और 20.20.13 एनपीके प्रति बोरी 1300 रुपए है। इस तरह लगभग दोगुने दाम पर यहां खाद बेची जा रही है। यहां रौनक सिन्हा नामक व्यक्ति ने दो बैग यूरिया और दो बैग उर्वरक खरीदा और फोन पे के माध्यम से कुल 5000 रुपए का भुगतान किया। जब बिल मांगा गया तो दुकानदार ने मोबाइल पर बिल भेजने की बात कही।

### रायपुर समेत 16...

मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा सरायपाली तहसील में 775.4 मिलीमीटर दर्ज की गई। वहीं अन्य तहसीलों में जिसमें पिथौरा में 712.8 मिलीमीटर, बसना में 632.8 मिलीमीटर, महासमुंद में 459.7 मिलीमीटर, बागबाहरा में 423.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 385.5 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 27 जुलाई को 37.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 66.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 62.3 मिलीमीटर, बसना में 48.5 मिलीमीटर, कोमाखान में 24.0 मिलीमीटर, बागबाहरा तहसील में 15.3 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 7.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### बाइक के साथ बह...

रितेश दीप पिता सुरेंद्र ग्राम भूतिया निवासी को बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया। उफनते नालों और तालाबों का पानी सड़क और कच्चे रास्तों पर आ जाने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि, पुल-पुलियों पर बाढ़ का पानी बहने से अनेक रास्तों पर आवागमन सुबह से मध्यान्ह तक अवरूद्ध रहा। बारिश थमने के बाद लोग बाढ़ का नजारा देखने नदी-नालों और पुल-पुलियों के समीप पहुंचे। ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में बारिश से हालात खराब रहे। शहर में भी निचली बस्तियों में पानी घरों में घुसा। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। नगर के पदमपुर मार्ग पर एनएच-6 पर बने ओवरब्रिज के नीचे सरायपाली बस्ती में प्रवेश मार्ग पर 2 से ढाई फीट पानी घंटों बहता रहा। इस वजह से यातायात घंटों थमा रहा। जबकि, ऊपर से एनएच पर यातायात निर्बाध गति से जारी रहा। सुरंगी नाले के उफान पर होने से बाढ़ का पानी सड़क पर पहुंचा। अमरकोट-बानीपाली पुल पर से भी बाढ़ का पानी चढ़ने से वहां आवागमन घंटों बाधित रहा। वहीं, तोरेसिंहा से पहले सुरंगीनाले पर बने पुल लोग बाढ़ का पानी देखने पहुंचे थे।

### स्कूल में पानी...

माध्यमिक शाला का परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने और पढ़ाई करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बारिश के कारण स्कूल परिसर में पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं को कक्षाओं तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चे भरे हुए पानी के बीच ही बर्तन धोने को मजबूर हैं। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्कूल मैदान तालाब का रूप ले चुका है। शौचालय तक पहुंचना भी विद्यार्थियों के लिए चुनौती बन गया है।

### गया था मछली...

स्वस्थ है, उसे किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। सारंगढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदी-नाले पूरे उफान पर हैं। रविवार को लात नाले में जहां एक कार पानी में बह गया था। वहीं एक 70 वर्षीय बुजुर्ग घटोरा निवासी बालमुकुंद बरिहा बाढ़ की चपेट में आ गया था। वह टापू के पास मछली पकड़ने गया था। उसी दौरान अचानक से दोनों छोर से वहां पानी का बहाव तेज हो गया और बुजुर्ग फंस गया। उसने निकलने की कोशिश करने के बजाए पेड़ पर चढ़ गया और पानी उतरने का इंतजार करते रहे, लेकिन पानी कम हुआ नहीं। ऐसे में वह पेड़ पर ही रात गुजार दी। सुबह रायगढ़ की नगर सेना की टीम पहुंची और उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। नगर सेना की रेस्क्यू टीम में मेजर रामाधीन श्रीवास के साथ सम्मे सिंह, संजय सिदार, कलेश्वर सिदार, अरुण डनसेना, कुलदीप लकड़ा और मुन्ना सिदार शामिल हैं और लगातार यह टीम दोनों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। पानी का बहाच तेज होने की वजह से उनको दिक्कत भी आ रही है। **दो युवकों का मिला शव-** पाटन क्षेत्र के जामराव एनीकेट में रविवार शाम बहा युवक सोमवार सुबह मृत मिला, जबकि पुलगांव क्षेत्र की शिवनाथ नदी में शुक्रवार शाम जन्मदिन पार्टी के दौरान डूबे दूसरे किशोर का शव भी सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया।

### आरबीआई ने राजनांदगांव...

आरबीआई के अनुसार, 31 मार्च 2025 की वित्तीय स्थिति के आधार पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने बैंक का सांविधिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन से जुड़े तथ्य सामने आए। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया कि उसके खिलाफ मौद्रिक दंड क्यों न लगाया जाए।बैंक के लिखित जवाब, अतिरिक्त प्रस्तुतियों और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक पक्ष पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि बैंक ने कुछ ऐसे जमाकर्ताओं को अतिरिक्त ब्याज का लाभ दिया, जो इसके लिए पात्र नहीं थे। इसे नियामकीय निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए बैंक पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### छग की टीम...

तीनों खिलाड़ियों के छत्तीसगढ़ की ओर से खेलने का रास्ता साफ हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार तीनों खिलाड़ी कर्नाटक के आलूर में चल रहे छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के प्री-सीजन प्रशिक्षण शिविर से जुड़ चुके हैं। संघ का मानना है कि अनुभवी खिलाड़ियों के शामिल होने से आगामी रणजी ट्रॉफी सहित घरेलू सत्र में टीम को मजबूती मिलेगी। हालांकि अंतिम औपचारिकता एनओसी मिलने के बाद पूरी होगी। **जयंत और जडेजा भी बदलेंगे टीम-**यश दयाल के अलावा ऑफ स्पिनर जयंत यादव और सौराष्ट्र के अनुभवी ऑलराउंडर धर्मेंद्रसिंह जडेजा भी छत्तीसगढ़ की ओर से खेलने की तैयारी में हैं। दोनों खिलाड़ियों को भी अपने-अपने राज्य क्रिकेट संघों से एनओसी मिलने के बाद टीम में शामिल किया जाएगा। तीनों अनुभवी खिलाड़ियों के आने से टीम का संतुलन पहले की तुलना में काफी मजबूत माना जा रहा है। बता दें कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जयंत यादव ने 90 मैचों में 256 विकेट, जबकि धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 100 मैचों में 423 विकेट अपने नाम किए हैं। दोनों स्पिनरों ने मिलकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 679 विकेट हासिल किए हैं। ऐसे में यश दयाल की तेज गेंदबाजी और दोनों अनुभवी स्पिनरों के अनुभव से छत्तीसगढ़ का गेंदबाजी आक्रमण आगामी रणजी सत्र में पहले से कहीं अधिक मजबूत नजर आ सकता है।

**अमेय खुरासिया के नेतृत्व में नई तैयारी-** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज अमय खुरासिया को मुख्य कोच की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी देखरेख में आलूर में प्री-सीजन प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। संघ इस बार अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के संतुलन के साथ मजबूत टीम तैयार करने की रणनीति पर काम कर रहा है।

### यूपी से छत्तीसगढ़...

आक्रमण को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है। बता दें कि यश ने अब तक 27 प्रथम श्रेणी मैचों में 84 विकेट, 23 लिस्ट-ए मुकाबलों में 36 विकेट और 71 टी-20 मैचों में 66 विकेट लिए हैं। सितंबर 2024 में उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में भी चुना गया था।

### पहले टोकन फिर...

बार-बार रिजर्वेशन काउंटर के चक्कर न लगाने पड़ें और भीड़ भी कम हो। नई रूल के आने के बाद उन यात्रियों को पहले मौका दिया जाएगा, जो अपने या अपने परिवार के सदस्यों के लिए तत्काल टिकट बुक कराने आएंगे। ऐसे यात्रियों को जरूरत पड़ने पर परिवार से संबंध साबित करने वाला वैध दस्तावेज भी दिखाना होगा। इसके बाद अन्य यात्रियों की बुकिंग की जाएगी।

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-लॉज में रूम सर्विस के लिये लड़के की आवाश्यकता है। सम्पर्क करें-सर्नां लॉज नया बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 9827171590, 91317 96778 (41507)

आवश्यकता है-आर्य समाज द्वारा संचालित दयानन्द पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गणित पढ़ाने हेतु शिक्षिकाओं की आवश्यकता है समय सुबह 8बजे से 11बजे तक पता- दयानन्द विद्यालय नदी किनारे गोड़ पारा बिलासपुर 89821 12133 (41513)

आवश्यकता है-भगवती सुलोचना ऑटोमोटिव फ्लीटगार्ड फिल्टर डीलरशिप हेतु फील्ड सेल्समैन (12वीं, स्नातक) फील्ड सेल्स/ऑटो स्पेयर पार्ट्स अनुभव वरीयता कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, अनुभवी चाहिए वेतन योग्यतानुसार+ इंसेंटिव सम्पर्क करें- बबल आइलैंड के पास सिरगिट्टी, बिलासपुर 9399905071 (41508)

आवश्यकता है-कास्मेटिक दुकान मे कार्य करने हेतु सेल्समेन एवं जनरल कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करे-सुनील प्लास्टिक, तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर (41474)

आवश्यकता है-घर में खाना बनाने के लिए अनुभवी लेडीज कुक की आवश्कता है जो नॉनवेज भी बनाती हो । सम्पर्क करे-पुराना बस स्टैंड, इमलीपारा 9425535359 (41488)

आवश्यकता है-पार्ट टाइम स्कूल में पढ़ाने हेतु अनुभवी/ फ्रेशर शिक्षक, शिक्षिका एवं विद्यालय की सफाई हेतु आया की। सम्पर्क- संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने, बाजार के पास, उसलापुर 7440549466, 9098546135 (41509)

आवश्यकता है-दुकान आकर सिलाई करने हेतु महिला लड़की एवं घरेलू कार्य करने हेतु महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- राजीव गांधी चौक के पास, कुम्हारपारा रोड, बिलासपुर 9098973726 (41512)

आवश्यकता है-डिस्ट्रीब्यूटर के यहां सेल्स/ मार्केटिंग डिलीवरी ब्वॉय एवं एकाउण्टेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करे- 9981137187 (41500)

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड- 17000 सुपरवाइजर- 18000 फील्ड अधिकारी- 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर- 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय 06 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 77470 00016, 7747000019, 7746000019 (891)

आवश्यकता है-टायर एण्ड सर्विस दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी एलाइनमेन्ट टेक्नीशियन, कार वाशिंग हेतु मेहनती लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गुरुकृपा टायर्स & सर्विसेज गाँधी चौक बिलासपुर 9827168468 (41497)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं-ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (41510)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल दुकान में अनुभवी सेल्समैन, माल निकालने हेतु लड़के/ लड़की (अनुभवी) लोकल में माल छोड़ने एवं पैकिंग हेतु लड़को की। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जगत एजेन्सी/ ट्रेडर्स तेलीपारा बिलासपुर (41511)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में दवाइयाँ निकालने, पैकिंग कार्य के लिए सिर्फ ब्वॉयज की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार शॉप नं.-54 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 79999 34599 (2753)

आवश्यकता है-सुरक्षा एजेन्सी के अन्तर्गत कार शोरुम में इच्छुक गार्ड (आयु 30 वर्ष से 45वर्ष एवं ऊंचाई 5'-5" हो तथा योग्यता 12वीं पास होना चाहिए। वेतनमान 11500 से शुरु इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से शाम 6बजे तक उमा सिक्युरिटी सर्विसेज बहतराई स्टेडियम चौक 9981630084 99816 30042 (41495)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है-FMCG एवं वेलनेस एजेन्सी में ऑनलाइन कम्प्यूटर बिलिंग करके और प्रोडक्ट देने के लिए लड़का चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार+ आकर्षक इंसेंटिव। जो कम्प्यूटर कोर्स किया हो बायोडाटा व्हाट्स एप करें- 7067124226 (41503)

आवश्यकता है- मेडिकल सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़कियों (योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट) एवं साफ सफाई हेतु लड़कियों की आवश्यकता है (कार्य समय- 10घंटे) सम्पर्क- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 (41493)

आवश्यकता है-घर हेतु अनुभवी रसोइया चाहिए केवल शाकाहारी भोजन बनाने में दक्ष, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने वाला तथा ईमानदार हो, आकर्षक वेतन कार्यस्थल- न्यू सरकंडा, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7000549730 (41496)

आवश्यकता है-शहर के प्रतिष्ठित गर्ल्स हॉस्टल में अनुभवी वार्डन, अकाउंटेंट, ड्राइवर एवं महिला सफाई कर्मचारियों की तुरन्त आवश्यकता है। आकर्षक वेतन। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 7000390346, 7987562430, 97559 96699 (41501)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

आवश्यकता है-यश सुपर बाजार में कार्य हेतु लड़कों की अतिशीघ्र आवश्यकता है अनुभवी को वेतन 10000 से प्रारम्भ तत्काल सम्पर्क करें- रिंग रोड नं.-2, गौरव पथ, बिलासपुर (41502)

आवश्यकता है-कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (वेतन- 11000 से 12000 सुबह 9बजे से शाम 7बजे) आफिस रिसेप्शनिष्ट लड़की/ युवती (वेतन 9000 से 10000) सम्पर्क- JBS Infra Property jp Residency तोरवा 9300000195 (41498)

## बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सीपत मेन रोड पंधी में नयनतारा कॉलेज से पहले 112×127, 61×127, मध्य नगरी चौक श्रीराम ज्वेलर्स के सामने 1800 वर्गफुट कमर्शियल प्लॉट, बिलासपुर तखतपुर मेन रोड कानन पेंडारी 100×156, 50x156, सत्यम चौक लिंक रोड से मगरपारा चौक मेन रोड पर 36×50, 18×50 अपोलो हॉस्पिटल के सामने कृष्णा लॉज के पास 24×64 सम्पर्क- 98278 96182, 9827955199 (41504)

बेचना है-बिलासपुर नगर निगम सीमा से मात्र 8KM दूर पर गनियारी में डायवर्टेड प्लॉट– 600/- प्रति वर्गफुट, बिना डायवर्टेड प्लॉट- 500/-, 450/-, 400/-350/- प्रति वर्गफुट (उपलब्धता अनुसार) पहले आएँ, पहले पाएँ। केवल वास्तविक इच्छुक खरीदार ही सम्पर्क करें- 789833 3307 (41499)

बेचना है-10×10= 100 फुट दुकान छत नहीं मेन रोड बाजार के पास सिंधी कालोनी में प्राइम लोकेशन में मेंस वेयर हेतु उपयुक्त दुकान बेचना है। (कीमत 14लाख) सम्पर्क करें- 9131242092, 9827938236 (41505)

## किराया

किराया-रामा लाइफ में C-156 डुप्लेक्स 3BHK मुंगेली रोड जैन इन्टरनेशनल स्कूल के सामने सम्पर्क करें- 9993025228, 93003 98385 (41490)

किराया-बिलासपुर नेहरू नगर में सर्वसुविधायुक्त 2BHK फर्स्ट फ्लोर में किराए से देना है गाड़ी रखने के लिये पोर्च उपलब्ध है। शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827153281 (41491)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार,ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.Ed, B.A, B.Com B.Sc, Bca, MCA BBA Llb, M.A, M.Com M.Sc, Mba, Msw, B.Lib, M.Lib, Dca, Pgdca, B.tech M.tech Polytechnic, अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sec.-6, Bhilai 98261 96515, 9826896515 (4157)

## फायनेंस

फाइनेन्स-जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरेछत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25 लाख तक, 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल बिजनेस दुकानदारी ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क- 93118 30460 (4305)

फाइनेन्स-राज्यग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्धबिजनेस,कृषि, होम, प्रॉपर्टी लोन 1%वार्षिक ब्याज 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा सम्पर्क करें-79884 65321, 7988465321 (048)

Advertisement Booking Time
10:30 AM To 4:00 PM

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
➡जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
➡जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| ➡ शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| ➡ एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| ➡ श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| ➡ रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| ➡ जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| ➡ रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| ➡ भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| ➡ श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| ➡ एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| ➡ श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| ➡ अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| ➡ विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| ➡ माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| ➡ बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |
| ➡ हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- | मो. 8109229025 |

Medicare Specialists
गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## राजा ने दिलाया भारत को चौथा मेडल, उठाया कुल 286 किग्रा वजन


# चोट और खराब सेहत नहीं तोड़ पाई मुथुपांडी का हौसला, जीता सिल्वर

*एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो*

*भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना चौथा मेडल जीत लिया है। भारत को इस इवेंट का चौथा मेडल राजा मुथुपांडी ने दलिाया, जिन्होंने पुरुषों के 65 किग्रा वेटलफ्टिंगि में सिल्वर मेडल जीता। मुथुपांडी ने स्नैच में 126 किलोऔर क्लीन एंड जर्क में 160 किलो का बेस्ट लिफ्ट किया। उनका कुल लिफ्ट 286 किग्रा था। चोट और खराब सेहत भी राजा का हौसला नहीं तोड़ पाई। मलेशिया के अजनील बिदिन ने 299 किग्रा उठाकर गेम्स रिकॉर्ड लिफ्ट करके गोल्ड मेडल जीता, जबकि पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।*


### बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड

यह मेडल मुथुपांडी के लिए एक शानदार वापसी है, जिन्हें हाल के सालों में कई चोटों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। चोट और खराब सेहत भी उनका हौंसला नहीं तोड़ पाई। उन्होंने नेशनल टाइटल जीतकर और नया नेशनल रिकॉर्ड बनाकर ग्लास्गो का टिकट पक्का किया था और अब अपने डेब्यू कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने में सफल रहे।



### वेटलिफ्टिंग में भारत का दबदबा कायम, जीता तीसरा मेडल

ग्लासगो में वेटलिफ्टिंग में यह भारत का तीसरा और कुल मिलाकर चौथा मेडल है। इससे पहले ऋषिकांत सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था। उनके बाद मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में अपना लगातार तीसरा कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल जीतकर कमाल कर दिया।



### शिर्से ने पार की 110 मीटर बाधा दौड़ फाइनल में एंट्री

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिर्से ने हीट (शुरुआती दौर) में 13.76 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें इंग्लैंड के सैमुअल बेनेट ने 13.20 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रत्येक हीट में पहले तीन और अगले दो सबसे तेज धावक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचेंगे। शिर्से ने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने लुधियाना में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज नौ में किया था, जहां उन्होंने 13.27 सेकंड का समय निकाला, जो वर्तमान में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### लंबी कूद : पहले प्रयास में श्रीशंकर ने किया फाइनल में प्रवेश




भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने सोमवार को यहां अपने पहले ही प्रयास में क्वालीफाइंग स्तर पार करके राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बना ली। श्रीशंकर ने ग्रुप ए में अपने पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर के प्रयास से फाइनल में जगह बना ली। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.38 मीटर है। फाइनल के लिए क्वालीफाइंग स्तर आठ मीटर या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 12 खिलाड़ी हैं। सत्ताइस साल के श्रीशंकर को उम्मीद है कि वह 2022 में खेलों के पिछले सत्र में जीते रजत पदक को बेहतर करेंगे। अप्रैल 2024 में घुटने की चोट से उबरने के बाद वह वापसी की राह पर हैं। उनका 'पटेला टेंडन' फट गय था और यह चोट उनके करियर के लिए खतरा बन गई थी। उनकी सर्जरी भी हुई थी। इस चोट की वजह से वह पेरिस ओलंपिक से चूक गए थे।



### सिवाच ने हेविट को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

भारतीय बॉक्सर सचिन सिवाच ने पुरुषों के 60 किलोग्राम इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। सचिन ने 'राउंड ऑफ 16' में इंग्लैंड के विलियम हेविट को 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से शिकस्त दी। बेहतरीन रिंग क्राफ्ट, तेज कॉम्बिनेशन और रणनीतिक अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए, सचिन ने तीन राउंड के मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और घरेलू खिलाड़ी पर शानदार जीत हासिल की। कजाकिस्तान, कनाडा, मैक्सिको और मोरक्को के जजों ने मुकाबले का स्कोर भारतीय बॉक्सर के पक्ष में 29-27 दिया, जबकि तुर्की के जज ने हेविट को 29-27 अंक दिए। मुकाबले के दौरान सचिन का एक अंक काटा गया, लेकिन इससे अंतिम नतीजे पर कोई खास असर नहीं पड़ा और वे आसानी से विजेता बने। सचिन ने लगातार सटीक पंच मारे और पूरे मुकाबले के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने अपने आक्रामक लेकिन संयमित अंदाज से हेविट पर दबाव बनाए रखा। मुकाबले की गति तय करने और प्रभावी ढंग से स्कोर करने की उनकी क्षमता ने उन्हें अंतिम-8 में पहुंचाया।

### साजन ने 200 मीटर बटरफ्लाई फाइनल में बनाई जगह



दो बार के ओलंपियन भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने एक मिनट 58.59 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर) में दूसरे स्थान पर रहते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के डंकन स्कॉट एक मिनट 58.29 सेकेंड के साथ समय के साथ शीर्ष पर रहे। साजन एक मिनट 57.09 सेकेंड के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहे। इस 31 वर्षीय भारतीय ने इसी साल सिंगापुर राष्ट्रीय आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में एक मिनट 57.09 सेकेंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

### सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूके गुरिंदरवीर




भारत के फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह राष्ट्रमंडल खेलों में उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए और 10.39 सेकंड के निराशाजनक समय के साथ हीट (शुरुआती दौर) में 28वें स्थान पर रहने के बाद पुरुषों की 100 मीटर दौड़ की स्पर्धा से बाहर हो गए। गुरिंदरवीर से 100 मीटर दौड़ में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाए और पहले दौर में ही बाहर हो गए। गुरिंदरवीर ने हीट चार की पांचवीं लेन में अच्छी शुरुआत की। वह शुरू में जमैका के रोहन वॉटसन के साथ बने रहे, लेकिन जमैका के खिलाड़ी ने अंतिम 30-35 मीटर में तेजी दिखाई और 10.13 सेकंड के साथ पहला स्थान हासिल किया।


## खबर संक्षेप

### विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप : प्री-क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्राजील और नीदरलैंड को हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रहे विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने नीदरलैंड और ब्राजील को बड़ी आसानी से समान 3-0 के अंतर से हराकर ग्रुप पांच में शीर्ष स्थान हासिल करके राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने भी शानदार शुरुआत की। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया। उसका ग्रुप चार में अगला मुकाबला मलेशिया से होगा। विश्व जूनियर चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाली अनाहत सिंह को महिला वर्ग के पहले दौर में विश्राम दिया गया था।

### दिल्ली में टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरू




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में उद्घाटन करते हुए इसे विभिन्न देशों और संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए यह गौरव की बात है कि उसे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। रेखा गुप्ता ने कहा, खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को उत्कृष्टता, अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही, वैश्विक मित्रता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सशक्त बनाते हैं।

### आईएसएसएफ विश्व कप में मनु ने कांस्य पदक किया अपने नाम


# भारत ने झटके 2 पदक, ईशा ने जीता गोल्ड, मनु भाकर को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/ पिस्तौल/ शॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि मनु ने शूट-ऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए।

### भारतीय खिलाड़ियों की अच्छी शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग दौर से ही अच्छी शुरुआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।



### ईशा ने बनाए रखी निरंतरता

ईशा ने इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप के फाइनल में 43 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से उन्होंने अपनी निरंतरता बनाए रखी है, जो आगामी प्रतियोगिताओं की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इन युवा निशानेबाजों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### दबाव को झेलने में सफल रही : ईशा

*ईशा ने कहा, 'पिछली जीत के कारण मुझ पर काफी दबाव था। जब आप अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपसे काफी उम्मीद की जाती है। मुझे खुशी है कि आज मैं इस दबाव को झेलने में सफल रही।'*

### पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा : मनु

*मनु ने कहा कि इस पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह की सफलता सीढ़ी का काम करती है। इससे मुझे यह पता चलता है कि मैं किस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। इस पदक से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और इसका मुझे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में फायदा मिलेगा।'*

**■ वेस्टइंडीज-पाक टेस्ट सीरीज : 311 रन के जवाब में पाकिस्तान के 3 विकेट पर 199 रन**

# मसूद ने खेली नाबाद पारी पाकिस्तान की स्थिति मजबूत

एजेंसी ▶▶| गतारौबा

कप्तानी से मुक्त होने के बाद अपनी पहली टेस्ट पारी में शान मसूद ने नाबाद 88 रन बनाकर पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

अजान अवैस के खाता खोले बिना पवेलियन लौट के बाद मसूद ने सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (63) के साथ दूसरे विकेट के लिए 155 रन की साझेदारी की। इससे पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के 311 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 199 रन बनाए थे। वह अभी वेस्टइंडीज से 112 रन पीछे है। कप्तान बाबर आजम खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त किए जाने से कुछ देर पहले 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद सलमान आगा ने 9 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है।



### शाई होप ने खेली 92 रन की पारी

इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से शाई होप ने 92 और केवम हॉज ने 84 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 3 विकेट पर 194 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 117 रन और जोड़े। हॉज ने अपने 83 रन के स्कोर में केवल एक रन जोड़ा और दिन के तीसरे ओवर में दूसरी स्लिप पर कैच आउट हो गए, जिससे चौथे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी समाप्त हो गई।

**आम सूचना**

मै अनुराग मार्क वेलेन्टाइन नथानियल पिता एस नथानियल कार्यकारिणी सचिव इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट निवासी लिंक रोड़ बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर यह सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ कि भूमि मौजा चाटापारा बिलासपुर कि नजूल शीट नंबर 14 प्लॉट नंबर 20 कुल रकबा 92096 वर्गफीट जो कि वर्तमान में तीन टुकडे क्रमशः प्लॉट नंबर 20/2 रकबा 45000 वर्गफीट, प्लॉट नंबर 20/3 रकबा 38249 वर्गफीट और प्लॉट नंबर 20/4 रकबा 8820 वर्गफीट में स्थित है, के संबंध में उक्त इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट के पक्ष में दिनांक 04.05.1989 को माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. द्वारा प्रथम अपील 86/80 "पादरी ई भागीरथी विरूद्ध बनवारी लाल वगैरह" में निर्णय पारित कर डिक्री प्रदान की थी जिस पर कालान्तर में निष्पादन प्रकरण क्रमांक 18-अ/15 प्रस्तुत किया गया था जिसे अनाधिकृत व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से निर्णित ऋणी से फर्जी समझौता किया था जो वर्तमान में समक्ष न्यायालय के आदेश के परिपेक्ष्य में समाप्त हो चुका है। इस कारण से इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट की ओर से पुनः निष्पादन प्रकरण श्रीमान् प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें दिनांक 05.08.2026 की तिथी सुनवाई हेतु नियत है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि, उक्त निष्पादन प्रकरण की लंबित अवस्था में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि वर्णित संपत्तियों को क्रय आदि किसी भी प्रकार से हस्तांतरण करने का प्रयास न करे यदि ऐसा किया जाता है तो क्रेता को किसी भी प्रकार से हस्तांतरण में प्राप्त भूमि में कोई भी अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नही होगा उपरोक्त में चूक किये जाने की दशा में जिम्मेदारी एवं क्षति उसी व्यक्ति की होगी। सो सूचना जाने
दिनांक 27/07/2026

(भवदीय)
अनुराग मार्क वेलेन्टाइन नथानियल
(कार्यकारिणी सचिव)
इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट

# कोच लक्ष्मण ने की अय्यर की सराहना

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर और अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से मिली जीत में एक-दूसरे की भूमिका की सराहना की। भारत ने इस श्रृंखला में अपेक्षाकृत नई टीम उतारी थी, जिसमें संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे कई खिलाड़ी शामिल नहीं थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें लक्ष्मण ने अय्यर की मजबूत मानसिकता की सराहना की है। लक्ष्मण ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं श्रेयस को विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उनके कप्तानी करियर की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की, वह शानदार था। वह पहले मैच से एक दिन पहले जब हमसे जुड़े और तभी से जीत के लिए आश्वस्त थे।'



**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा निरस्तिकरण सूचना**

एतत् द्वारा जोन क्र. 07 अंतर्गत आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 14-4/न.पा.नि./जोन क्र.07/2026-27 दिनांक 02.07.2026 कार्य का नाम-वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर उर्जा पार्क के पास राहत शिविर भवन निर्माण कार्य (System Tender No. 194709) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

सम्पत्तिकर, दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र. 07
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

**एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे ट्रेनों में पार्सल के परिवहन हेतु 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए एसएलआर/एलवीपीएच को लीज पर देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं जिसे **https://www.ireps.gov.in/**वेबसाइट पर सूचित किया गया है। **(1) कैटेगरी:** पार्सल, **कैटलॉग सं.: लीज-केजीपी-26-08, ई-नीलामी की तिथि:** 05.08.2026, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11:00 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 16:50 बजे। **(2) कैटेगरी:** पार्सल, **कैटलॉग सं.: लीज-केजीपी-26-09, ई-नीलामी की तिथि:** 07.08.2026, **नीलामी शुरू होने का समय:** 12:00 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 12:40 बजे। इच्छुक पार्टियों और ठेकेदारों को इसका ध्यान रखना चाहिए और ट्रेनों के विवरण एवं ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट का संदर्भ लें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-531) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
कार्यालय परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन ईकाई, बिलासपुर
डी.-61, एच.आई.जी.-1, अभिलाषा परिसर, नया बस स्टैण्ड के पीछे तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)

**जनसूचना**

**लहपात्रा कि.मी. 205.200 टोल प्लाजा पर दिनांक 28/07/2026 से 31/03/2027 तक लागू उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जारी सूचना**

आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भा.रा.रा.प्रा. की क्षेत्रीय अधिकारी, रायपुर द्वारा उपयोगकरर्ता शुल्क दरों के अनुमोदन के अनुसरण मे छत्तीसगढ राज्य में शिवनगर-अंबिकापुर खण्ड के रा.रा. 111 (नया रा.रा. 130) के कि.मी. 163.400 से कि.मी. 215.800 तक के वर्ष 2026-27 शुल्क संग्रहण के संबंध में अनुमोदित उपयोगकर्ता शुल्क दरें निम्नानुसार है :-

| वाहन का प्रकार | तकतरफा यात्रा शुल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा शुल्क | मासिक पास एकतरफा 50 यात्राओं के लिये | एकतरफा यात्रा के लिये जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहन के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 50 | 75 | 25 | 1705 |
| हल्के वाणिज्यक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 85 | 125 | 40 | 2755 |
| बस या ट्रक | 175 | 260 | 85 | 5770 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 190 | 285 | 95 | 6295 |
| एच.सी.एम./ई.एम.ई./एम.ए.वी./ (चार से छः धुरी वाले) | 270 | 405 | 135 | 9045 |
| बडे आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 330 | 495 | 165 | 11015 |

टोल प्लाजा से 20 कि.मी.के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिये गैर वाणिज्यिक वाहनों के लिये वर्ष 2026-27 के लिये मासिक पास की दर रू0 360/- रहेगी। सभी निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन (गैर-वाणिज्यिक) के लिए सालाना पास की दर, जो 01 साल या 200 प्लाजा क्रॉसिंग के लिए वैध हो, जो भी पहले हो, सिर्फ रू. 3075/- रहेगी।

**महत्वपर्णू सचूना :- दिनांक 15/02/2021 से उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान केवल FasTAG के माध्यम से करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, 15/11/2025 से जिन वाहनों पर वैध एवं कार्यशील FASTag उपलब्ध नहीं होगा, उन्हें UPI के माध्यम से भुगतान करने की स्थिति में लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना उपयोगकर्ता शुल्क देय होगा। साथ ही, वापसी यात्रा रियायत एवं स्थानीय यात्रा रियायत केवल FASTag द्वारा किए गए भुगतान पर ही लागू होगी।**


सड़के ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

दुनियाभर में कई ऐसी खौफनाक और रोमांचक जगहें मौजूद हैं, जिन्हें पहली बार देखकर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। फ्रांस का बोजोल्स भी उन्हीं जगहों में से एक है। यहां का सबसे बड़ा आकर्षण कोई महल या ऐतिहासिक इमारत नहीं, बल्कि एक विशाल प्राकृतिक खाई है, जो किसी मौत के कुएं के समान है। हैरानी की बात यह है कि पूरा शहर इसी खाई के बिल्कुल किनारे बसा हुआ है।

# दुनिया का वो अनोखा शहर, जो बसा है 'मौत के कुएं' के किनारे

**पेरिस।** दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे घर किसी भी वक्त नीचे गिर जाएंगे, लेकिन सदियों से लोग यहां सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। दक्षिण फ्रांस के अवेयरॉन इलाके में बसे इस छोटे से शहर की आबादी करीब तीन हजार है। शहर के बीचों-बीच मौजूद 'ट्रू दे बोजोल्स' नाम की प्राकृतिक घाटी इसकी पहचान बन चुकी है। यह करीब 1200 फीट चौड़ी और लगभग 300 फीट गहरी है। ऐसा लगता है कि एक छोटे से हादसे में ही यहां के घर जमींदोज हो सकते हैं। लेकिन, ये सालों से जस के तस हैं।

## एक हादसा और सीधे 300 फीट गहरी खाई में समा जाएंगे घर!



### घोड़े की नाल जैसी दिखाई देती है आकृति

इस जगह को ऊपर से देखने पर इसकी आकृति घोड़े की नाल जैसी दिखाई देती है, इसलिए यह जगह पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। हालांकि, इस घाटी को इंसानों ने नहीं बनाया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक लाखों साल तक दूर्दू नदी लगातार चूना पत्थर की चट्टानों को काटती रही। धीरे-धीरे कटाव बढ़ता गया और इस तरह विशाल खाई तैयार हो गया। भूवैज्ञानिक मानते हैं कि हिमयुग के दौरान हुए प्राकृतिक बदलावों ने भी इसकी वर्तमान बनावट बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### यादगार पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान

सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता ही नहीं, इतिहास के लिहाज से भी यह शहर काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। गहरी खाई और ऊंची चट्टानों की वजह से यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। इसी कारण पुराने समय में लोगों ने इसे सुरक्षित जगह मानकर यहां बस्ती बसाई। बाद में एक किले का भी निर्माण किया गया, जिसके कुछ अवशेष आज भी दिखाई देते हैं। यहां आने वाले लोग खाई के किनारे बने व्यू पॉइंट से तस्वीरें लेते हैं, जबकि कई पर्यटक घाटी के नीचे उतरकर ट्रैकिंग का भी आनंद लेते हैं। यही कारण है कि फ्रांस का यह शहर आज भी दुनिया के सबसे अनोखे और यादगार पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।



### फ्रांस के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल

वहीं, 12वीं सदी का सेंट फॉस्ट चर्च आज भी इस शहर की पहचान बना हुआ है। स्थानीय लोगों के बीच इस जगह को लेकर कई रोचक कहानियां भी सुनाई जाती हैं। कुछ लोग मानते थे कि यह विशाल गड्ढा किसी अलौकिक शक्ति ने बनाया था। हालांकि, वैज्ञानिक इसे पूरी तरह प्राकृतिक प्रक्रिया का परिणाम मानते हैं। बारिश के मौसम में जब नदी का जलस्तर बढ़ता है, तब यहां का नजारा और भी आकर्षक हो जाता है। आज बोजोल्स फ्रांस के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिना जाता है।

## रोचक खबरें


### सौ साल पहले मोटापा घटाने की खौफनाक ट्रिक, निगलती थी इस कीड़े के अंडे

**लंदन।** आजकल मोटापा घटाने के लिए लोग जिम जाते हैं, कीटो डाइट करते हैं, इंटरमिटेंट फास्टिंग अपनाते हैं या ओज़ेम्पिक जैसी दवाएं लेते हैं। लेकिन, सौ साल पहले, खासकर 19वीं सदी के विक्टोरियन युग में, खूबसूरत और पतली दिखने की चाहत में महिलाएं अपनी जान दांव पर लगा देती थीं। वजन घटाने का उनका तरीका इतना खतरनाक था कि इससे उनकी जान भी जा सकती थी। उनका तरीका था– टेपवर्म के अंडे निगलना। जी हां, विक्टोरियन काल में पतली कमर को आइडियल माना जाता था। महिलाएं कसावट वाले कपड़े पहनकर कमर को 18-20 इंच तक कस लेती थीं, लेकिन जब यह भी काफी नहीं होता तो वे टेपवर्म डाइट अपनाती थी। वे कैप्सूल या गोलियों के रूप में टेपवर्म के अंडे निगल लेती थी। पेट में अंडे से लार्वा निकलता और कीड़ा बड़ा होने लगता था। यह टेपवर्म इंसान के आंतों में रहकर मेजबान का पोषण चूसता था। नतीजा– भूख कम लगती, पोषक तत्व कम अवशोषित होते और वजन तेजी से घटता था। एक कीड़ा 30 फीट (लगभग 9 मीटर) तक लंबा हो सकता था। टेपवर्म आंतों की दीवार से चिपक जाता था और मेजबान के खाए गए भोजन का पोषण सोख लेता था। महिलाएं कम खाती थीं, लेकिन कीड़ा बड़ा होता जाता था। कुछ महिलाएं दावा करती थीं कि इससे उनकी कमर पतली हो गई और वे आकर्षक दिखने लगीं थी। लेकिन, ये तरीका काफी खतरनाक और दुष्परिणाम से भरा होता था। वजन घटाने का ये तरीका काफी खतरनाक था। इससे महिलाओं में गंभीर कुपोषण हो जाता था। इसके अलावा आंतों में ब्लॉकेज हो जाती थी। कई बार मस्तिष्क में संक्रमण तक हो जाता था। एनीमिया, कमजोरी, उल्टी, दस्त आदि इसके कॉमन साइड इफेक्ट्स थे। कई मामलों में महिला की मौत भी हो जाती थी। लेकिन, आकर्षक फिगर की चाहत में कई महिलाएं ये रिस्क लेती थीं।



### अब हवा में ही उड़ते मच्छरों का होगा शिकार अमरीकी कंपनी ने बनाया छोटा ड्रोन

**सैन फ्रांसिस्को।** गर्मी का मौसम आते ही या बारिश के दिनों में मच्छरों का आतंक पूरी दुनिया में एक गंभीर समस्या बन जाता है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए इंसान दशकों से जहरीले कीटनाशकों, मॉस्किटो कॉइल और केमिकल्स का इस्तेमाल करता आ रहा है। लेकिन, ये केमिकल जितने मच्छरों के लिए खतरनाक होते हैं, उतने ही इंसानी सेहत और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। अब इस दशकों पुरानी समस्या का एक बेहद हाई-टेक और अनोखा तोड़ अमरीकी इंजीनियर्स ने ढूंढ निकाला है। एक अमरीकी टेक स्टार्टअप ने ऐसे माइक्रो-ड्रोन विकसित किए हैं, जो हवा में उड़ते हुए मच्छरों और अन्य कीड़ों को ढूंढकर मिसाइल अटैक की तरह सीधे उन्हें मार गिराने में सक्षम है। अमेरिका के प्रसिद्ध स्टार्टअप एक्सीलेटर वाई कॉम्बिनेटर के सपोर्ट से चल रहे टॉर्नयोल नाम के इस स्टार्टअप के इंजीनियर्स ने इस एआई-संचालित माइक्रो-ड्रोन को तैयार किया है, जो मच्छरों के खात्मे की लागत को 100 गुना तक कम कर सकता है। इस स्टार्टअप का मुख्य विजन यह है कि भविष्य में जहरीले रसायनों और महंगे साधनों की जगह इन छोटे ड्रोनों के झुंड को शहरों में उड़ाया जाए, जो इंसानों को नुकसान पहुंचाए बिना मच्छरों का चुन-चुनकर हवा में ही शिकार कर सकें। हाल ही में टॉर्नयोल के सह-संस्थापक एलेक्स टौसेंट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसे उन्होंने कंपनी का पहला एयर-टू-एयर किल करार दिया है। इस वीडियो में एक बेहद छोटा ड्रोन एक बंद टेस्टिंग एरिया में एक पतंगे का पीछा करता हुआ दिखाई देता है और अंत में उस पर सटीक निशाना साधकर उसे हवा में ही मार गिराता है।



## नजारा

# पृथ्वी पर ऐसा सूर्यास्त कभी नहीं देखा होगा...

आईएसएस से सामने आया अब तक का सबसे खूबसूरत 360-डिग्री व्यू!

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद नासा के एस्ट्रोनॉट अनिल मेनन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बेहद ही मंत्रमुग्ध कर देने वाला 360 डिग्री वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने आईएसएस के सबसे मशहूर हिस्से यानी 'क्युपोला' की एक झलक दिखाई है। अंतरिक्ष से धरती का नजारा कैसा दिखता है और वहां एस्ट्रोनॉट्स अपनी दिनचर्या कैसे बिताते हैं, यह वीडियो इसका बेहतरीन सबूत है। लंबे समय के अंतरिक्ष मिशन केवल वैज्ञानिक प्रयोगों तक सीमित नहीं होते। अंतरिक्ष के चुनौतीपूर्ण वातावरण में सुरक्षित रहने के लिए ज्ञान का हस्तांतरण बहुत जरूरी है। अनिल मेनन का यह वीडियो दिखाता है कि कैसे एक अनुभवी एस्ट्रोनॉट अपने नए साथी को अंतरिक्ष में कुशलता से काम करने के लिए तैयार करता है। यही



### केवल सुंदरता ही नहीं, काम का भी है क्युपोला

क्युपोला केवल सुंदर दृश्य देखने के लिए ही इस्तेमाल नहीं होता। इसका व्यावहारिक उपयोग भी बहुत बड़ा है। जब भी कोई नया स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष स्टेशन पर आता है, तो उसकी डॉकिंग पर नजर रखने के लिए इसी खिड़की का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा स्टेशन के रोबोटिक आर्म को चलाने और धरती पर आने वाले तूफानों, जंगलों की आग व प्राकृतिक घटनाओं की तस्वीर लेने के लिए भी क्युपोला सबसे अहम माना जाता है।

**अंतरिक्ष में जुगाड़ और सर्वाइवल की सीख :** अनिल मेनन ने एक और दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 8 महीने तक आईएसएस पर रहने वाले अनुभवी एस्ट्रोनॉट क्रिस्टोफर विलियम्स उन्हें बहुत सी व्यावहारिक बातें सिखा रहे हैं। इनमें डक्ट टेप और जिपलॉक बैग्स की मदद से प्रयोगों को व्यवस्थित रखना, सामान को जल्दी ढूंढना और अंतरिक्ष में परफेक्ट फोटो खींचना शामिल है। यह ऐसी बुनियादी जानकारी है जो आमतौर पर आम जनता को देखने को नहीं मिलती।

### अनिल ने शेयर किया 360° का अनोखा वीडियो

अनिल मेनन ने अपने वीडियो में दर्शकों को क्युपोला के अंदर का दृश्य दिखाया है। उन्होंने बताया कि वे अपने साथी एस्ट्रोनॉट क्रिस्टोफर विलियम्स के साथ वहां समय बिता रहे थे। इस दौरान दोनों ने कैमरों, तारों, फिजिक्स और स्पेसवाक जैसे विषयों पर लंबी चर्चा की। वीडियो का सबसे खास हिस्सा वो था जब क्युपोला की खिड़की से अंतरिक्ष से धरती के अद्भुत सूर्यास्त का नजारा दिखाई दिया।



### आईएसएस का क्युपोला मॉड्यूल आखिर क्या है?

क्युपोला को साधारण शब्दों में अंतरिक्ष स्टेशन की 'धरती देखने वाली खिड़की' कहा जा सकता है। यह गुंबद के आकार का एक विशेष ऑब्जर्वेशन मॉड्यूल है, जिसमें 7 बड़ी कांच की खिड़कियां लगी हैं। यह मॉड्यूल अंतरिक्ष यात्रियों को धरती और खुले स्पेस का करीब 360 डिग्री का नजारा देता है। 2010 में इसे आईएसएस से जोड़ा गया था और तब से यह अंतरिक्ष स्टेशन का सबसे पसंदीदा और मशहूर कोना बना हुआ है।

## चीन ने खोज निकाला ऐसा चावल, जिसके जीवन में सिर्फ एक बार खरीदना पड़ेगा बीज



**बीजिंग।** दुनियाभर के किसानों के लिए हाइब्रिड चावल की खेती करना हमेशा से काफी खर्चीला सौदा रहा है। हाइब्रिड किस्मों से सामान्य चावल के मुकाबले 10 से 30 प्रतिशत ज्यादा उपज तो मिलती है, लेकिन इसके बीज हर साल बाजार से महंगे दामों पर खरीदने पड़ते हैं। अगर किसान अपनी ही फसल के बचे हुए बीज दोबारा बोते हैं, तो उनकी पैदावार काफी गिर जाती है। लेकिन, चीन के चाइना नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने इस दशकों पुरानी समस्या का तोड़ खोज निकाला है।

प्रोफेसर वांग केजियान के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने चावल के अंदर ही पाए जाने वाले प्राकृतिक जीन 'H हुआक्सू ' का इस्तेमाल किया है। यह जीन पौधे के अंडकोष में बिना नर-परागण के ही भ्रूण बनाने की प्रक्रिया शुरू कर देता है। इस प्राकृतिक क्लोनिंग प्रक्रिया को सिंथेटिक एपोमिक्सिस कहा जाता है। वैज्ञानिकों ने इस तकनीक से जो नई राइस लाइन बनाई है, उसे 'फिक्स8' नाम दिया गया है।

### 99% क्लोनिंग सफलता का नया रिकॉर्ड

इससे पहले वर्ष 2017 में जब इस तकनीक का परीक्षण किया गया था, तब केवल 5 प्रतिशत सफलता मिली थी। बाद में अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध समूहों ने इसे 95 प्रतिशत तक पहुंचाया। लेकिन, वांग की टीम ने अब 99 प्रतिशत से अधिक क्लोनिंग एफिशिएंसी हासिल कर ली है। इसका सीधा मतलब यह है कि किसान अपनी ही फसल से बीज निकालकर दोबारा बो सकते हैं और फसल की क्वालिटी या पैदावार में कोई गिरावट नहीं आएगी।

## फोटोग्राफी का जुनून! बनवाया कैमरा जैसा घर

### बेटों के नाम रखे- कैनन, निकॉन और एप्सन

**बेंगलुरू।** हम सबने अपने सपनों का घर बनाने के लिए न जाने कितने डिजाइन सोचे होंगे, लेकिन कर्नाटक के एक शख्स का जुनून देखकर आप भी दंग रह जाएंगे। फोटोग्राफी के लिए इनकी दीवानगी इस कदर है कि इन्होंने अपना पूरा घर ही एक 'बड़े कैमरे' में तब्दील कर दिया है। इस अनोखे घर को क्लिक नाम दिया गया है। बाहर से देखने पर यह हूबहू किसी कैमरे जैसा लगता है। घर के फ्रंट में बीचों-बीच एक बहुत बड़ा लेंस बना है, जो असल में किचन की खिड़की है। इस लेंस के ठीक ऊपर कैमरे की फ्लैश लाइट बनी है, जो बच्चों के बेडरूम की खिड़की का काम करती है। घर के साइड में एक बड़ा सा एसडी कार्ड डिजाइन किया गया है। बालकनी की रैलिंग लोहे की ग्रिल की बजाय पुराने कैमरों की रील जैसी बनाई गई है।




### बेडरूम में गूगल फोटोस का डिजाइन

इंटीरियर में भी फोटोग्राफी की छाप साफ नजर आती है। बच्चों के कमरे की छत पर गूगल फोटोज के लोगो का डिजाइन है। वहीं, दूसरे बेडरूम की छत को कैमरे के सेटिंग्स आइकन जैसा रूप दिया गया है। यहां तक कि खिड़कियों की लोहे की ग्रिल में भी कैमरे का आइकन बनाया गया है। घर के अंदर घुसते ही एक शोकेस पर नजर पड़ती है, जिसमें इस शख्स का पिछले 30 सालों का पुराना कैमरा कलेक्शन रखा हुआ है। घर की हर सीढ़ी के नीचे फोटोग्राफी से जुड़ा एक खास मैसेज लिखा है।

### जीजा-साले की जोड़ी ने किया कमाल

इस अजूबे घर को बनाने का श्रेय घर के मालिक के जीजा को जाता है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें इस 'कैमरा घर' का आइडिया सुनाया गया, तो वो भी कन्फ्यूज हो गए थे। यह साइट केवल 22x20 (कुल 1100 स्क्वायर फीट) की थी। इतने छोटे प्लॉट में पति-पत्नी, तीन बच्चों और मेहमानों के लिए जगह निकालना, और वो भी 'कैमरा लुक' के साथ—यह एक बहुत बड़ा चैलेंज था। इंजीनियर जीजा ने मजाक में कहा कि, 'ये मेरी पत्नी के भाई हैं। मुझे अपनी पत्नी को खुश करने के लिए इस मकान को अच्छे से बनाना ही था।' आखिरकार दोनों की मेहनत रंग लाई और सबने मिलकर यह शानदार डिजाइन तैयार कर लिया।

## मात्र 130 रुपए में बिकी अरबों की नाव ड्रग्स सप्लाई में होती थी इस्तेमाल

**डबलिन।** ड्रग्स तस्करी की दुनिया में एक बड़ी घटना ने सबको हैरान कर दिया है। आयरिश अधिकारियों ने साल 2025 में जब्त की गई एक विशाल नाव को महज एक यूरो (लगभग 130 रुपए) में एक प्राइवेट कंपनी को बेच दिया। यह नाव ड्रग्स सप्लाई के लिए इस्तेमाल हो रही थी और इसमें 2.2 टन कोकीन बरामद हुई थी, जिसकी स्ट्रीट वैल्यू करीब 133 मिलियन पाउंड थी। लेकिन, सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि इस नाव की देखभाल पर आयरिश सरकार ने 17 मिलियन यूरो (करीब 150 करोड़ रुपए) से ज्यादा खर्च कर दिए थे। नाव का नाम एमवी मत्ती था। यह पनामा रजिस्टर्ड एक बड़ी शिप थी, जो लगभग 200 मीटर लंबी थी। यह वेनेजुएला के पास कुराकाओ से निकली थी और अटलांटिक महासागर पार करके आयरलैंड के पानी में पहुंची थी।



पुराने से पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज




डा. ऑर्थो ही क्यूं खरीदें?

इन्होंने भी अपनाया, जोड़ों के दर्द में आराम पाया
सम्पूर्ण भारत में मिले परिणाम

Himachal Pradesh — अमरेश कुमार गोयल, 63 वर्ष ने लिखा कि मैं मजदूरी करता हूं। हर रोज काम की वज़ह से पैर और घुटनों में बहुत असहनीय दर्द रहता था। एक दिन मैंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। इसके बाद डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से मेरे पैरों और घुटनों के दर्द में आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा लगा।

Assam — मेरा नाम अंजली देवी, उम्र 57 वर्ष है। मैं एक हाउस वाईफ हूं। काफी दिनों से मेरे घुटनों, एड़ियों में भयंकर दर्द था। फिर एक दिन मैंने अखबार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा व इसका इस्तेमाल शुरू किया। सिर्फ 6 महीनों के नियमित इस्तेमाल से मुझे दर्द में बेहतर आराम मिला। मैं डा. ऑर्थो का थैंक्स करती हूँ।

Gujarat — बालकृष्ण गोपाल राव वडनेरे, उम्र 83 वर्ष ने हमें लिखा है कि उन्हें बहुत समय से घुटनों के दर्द की वज़ह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिर उनके बड़े भाई ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल लाकर दिया। उन्होंने अखबार में भी इसका विज्ञापन देखा और निर्देशानुसार यूज किया। घुटनों का दर्द कम हुआ।

Chhattisgarh — हीरालाल शेंडे, उम्र 72 वर्ष ने बताया कि मैं काफी समय से घुटनों, कमर दर्द से बहुत परेशान रहता था। कई इलाज करवाए, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने टी.वी और अखबार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और ट्रीटमेंट शुरू किया। कुछ ही दिनों में दर्द से आराम मिल गया और अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ।

Uttar Pradesh — प्रहलाद पासवान, 46 वर्ष ने बताया कि मुझे बहुत समय से कोहनी में दर्द रहता था। जिससे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी दिक्कत होती थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पता चला। निर्देशानुसार प्रयोग करने पर मेरी कोहनी का दर्द बिल्कुल कम हो गया है। मैं इसके लिए डा. ऑर्थो को धन्यवाद देता हूं।

Maharashtra — कृष्णराव कडू, उम्र 59 वर्ष ने लिखा है कि बहुत दिनों से खेती के कारण पीठ में असहनीय दर्द रहने लगा था। फिर एक दिन न्यूजपेपर में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। 2 माह से डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल को यूज कर रहा हूं। पीठ का दर्द बहुत ही कम हो गया है। इसीलिए डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल बहुत अच्छा लगा।

24x7 Helpline No.: 7876977777 • www.drorthooil.com • Available at all medical & general stores

नक्कालों से सावधान — 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडॅक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।

B-TEX SINCE 1942
बी-टेक्स लोशन




दाद, खाज और खुजली के लिए असरदार इलाज बी-टेक्स लोशन
SAIKRIPA TRADING, RAIPUR. Ph.: 9522584000
PANKAJ MEDICO, BILASPUR. Ph.: 07752401271
Now available on Flipkart | HEALTHMUG | JioMart | 1mg | shopbtex.com

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com